राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 176 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया।

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

-स्वामी विवेकानंद"

## प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** कर्नाटक की हासन सीट से पूर्व सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब बंगलूरू की अदालत ने प्रज्वल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप है। 33 वर्ष के पूर्व जेडी-एस नेता को विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में रखा गया है।

**मंगलवार को दर्ज हुई थी एक और एफआईआर:** 25 जून को पूर्व जेडी-एस नेता पर एक और एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में कुल मिलाकर तीन लोगों के नाम शामिल किया गया। इनमें हासन से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक प्रीतम गौड़ा का नाम भी शामिल है। गौड़ा पर प्रज्वल द्वारा पीड़िता के यौन शोषण के दौरान खींची गईं तस्वीरों को साझा करने का आरोप है। इस नई एफआईआर के साथ प्रज्वल पर अब तक कुल चार मामले दर्ज हो गए।

**31 मई को गिरफ्तार किए गए थे प्रज्वल:** पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल को लोकसभा चुनाव में हार का सामना भी करना पड़ा है।

# ओम बिरला चुने गए लोकसभा के अध्यक्ष

● प्रधानमंत्री मोदी, रिजिजू और राहुल गांधी आसन तक लेकर गए, सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव का सभी के सामने रखा था

**दायित्व**

▶▶ ध्वनिमत के आधार पर प्रोटेम स्पीकर ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के लिए आमंत्रित किया





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा सांसद और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विपक्ष की ओर से के. सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा गया। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव का सभी के सामने रखा। ध्वनिमत के आधार पर उन्होंने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान खास बात यह भी रही कि आम बिरला को आसन तक ले जाने के लिए पीएम मोदी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी साथ आए। राहुल को बीती रात ही कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष घोषित किया है।

**कौन है सांसद ओम बिरलाः** सबसे सक्रिय सांसदों में रहे, स्पीकर के रूप में कड़े फैसले लेने के लिए भी जाने गए राजस्थान के कोटा से तीन बार के सांसद ओम बिरला राजस्थान में तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। बतौर सांसद पहले कार्यकाल में 86 फीसदी उपस्थिति के साथ 671 प्रश्न और 163 बहसों में भागीदारी की थी। 2019 में दूसरी बार सांसद बनने पर लोकसभा अध्यक्ष बनाया गया।

बिरला के कार्यकाल में नए संसद भवन का निर्माण हुआ। तीन आपराधिक कानून, अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिकता संशोधन अधिनियम समेत कई ऐतिहासिक कानून भी पारित हुए। उन्होंने लोकसभा के 100 सांसदों के निलंबन व संसद की सुरक्षा पर कुछ कड़े फैसले लिए।

**बिरला के नाम दर्ज होगा रिकॉर्डः** पांचवीं बार ऐसा हो रहा है कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा। कांग्रेस नेता बलराम जाखड़ एकमात्र ऐसे पीठासीन अधिकारी रहे, जिन्होंने सातवीं और आठवीं लोकसभा में दो कार्यकाल पूरे किए हैं।

**राहुल बीती रात ही चुने गए नेता प्रतिपक्षः** बता दें कि कांग्रेस ने मंगलवार की रात को ही राहुल गांधी को लोकसभा का नेता प्रतिपक्ष चुना। 16वीं लोकसभा में कांग्रेस के 44 व 17वीं में 52 सांसद जीते थे। इस बार पार्टी के 99 सांसद जीते हैं।

## ओम बिरला का पिछला कार्यकाल ऐतिहासिकः पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** ओम बिरला के लोकसभा स्पीकर चुने जाने के बाद 18वीं लोकसभा के अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'ये सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के पद पर विराजमान हुए हैं। आपको और इस पूरे सदन को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। इस पूरे सदन की तरफ से भी आपको अनेक-अनेक शुभकामनाएं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होने से आपको बहुत बड़ा दायित्व मिल रहा है। आपके अनुभव और



हमारे अनुभव से हमें विश्वास है कि आप हम सभी का मार्गदर्शन करेंगे। मुझे विश्वास है आप हर कदम पर नए कीर्तिमान गढ़ते रहेंगे।'

**'स्पीकर का दूसरी बार जीतना मुश्किल होता है':** प्रधानमंत्री ने कहा '18वीं लोकसभा में स्पीकर का कार्यभार दूसरी बार संभालना अपने आप में रिकॉर्ड है। बलराम जाखड़ जी पहले ऐसे अध्यक्ष थे, जो लगातार दो बार अपना कार्यकाल पूरा कर पाए थे। उनके बाद अब आपको यह मौका मिल रहा है।

ज्यादातर स्पीकर या तो चुनाव नहीं लड़े हैं या जीतकर नहीं आए हैं। आप समझ सकते हैं कि स्पीकर का काम कितना मुश्किल है कि उनका जीतना मुश्किल हो जाता है। आपने दोबारा जीतकर नया इतिहास गढ़ा है। इस सदन के ज्यादातर सासंद आपसे परिचित हैं और पिछली बार मैंने आपके संबंध में काफी कुछ बातें रखीं थी।

## विपक्ष की भी सुनें: राहुल गांधी

**विपक्ष** के नेता राहुल गांधी ने ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा, 'मैं आपको दूसरी बार स्पीकर चुने जाने के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं आपको पूरे विपक्ष और इंडिया गठबंधन की तरफ से बधाई देना चाहता हूं। यह सदन भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज के अंतिम निर्णायक हैं। विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और इस बार विपक्ष ने पिछली बार की तुलना में भारतीय लोगों की आवाज का अधिक प्रतिनिधित्व किया है।

# संसद में आपातकाल पर पेश किया गया प्रस्ताव

### विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में रखा गया मौन; बिरला बोले- वह दौर इतिहास का काला धब्बा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा सांसद और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। कुर्सी संभालते ही बिरला ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों धन्यवाद किया। साथ ही आपातकाल की निंदा की। इस दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

**पीएम का जताया आभारः** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों को मुझे फिर से सदन के अध्यक्ष के रूप में दायित्व निर्वाहन करने का अवसर देने के लिए सबका आभार व्यक्त करता हूं। मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए भी मैं सभी का आभारी हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह 18वीं लोकसभा लोकतंत्र का विश्व का सबसे बड़ा उत्सव है। अन्य चुनौतियों के बावजूद 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ चुनाव में भाग लिया। मैं सदन की ओर से उनका और देश की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। निष्पक्ष, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया संचालित करने के लिए और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी एक भी वोट पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए गए प्रयासों के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।'

## आपातकाल इतिहास का काला धब्बाः बिरला

**विपक्ष** ने जमकर हंगामा किया। मगर ओम बिरला ने बोलना जारी रखा। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था। भारत की पहचान पूरी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के तौर पर है। भारत में हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद-संवाद का संवर्धन हुआ, हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की गई।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में उत्तर प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा आयोजित इको पर्यटन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

## पुणे में एक डॉक्टर और उनकी बेटी जीका वायरस से संक्रमित

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** महाराष्ट्र के पुणे में एक 46 वर्षीय डॉक्टर और उनकी बेटी जीका वायरस से संक्रमित पाए गए। हालांकि, उनकी स्वास्थ्य स्थिति फिलहाल स्थिर है। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। हाल ही में डॉक्टर को चकत्ते और बुखार के लक्षण विकसित होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके खून के नमूने को जांच के लिए राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) भेजा गया। 21 जून को रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि डॉक्टर जीका वायरस से संक्रमित है।

# भारत ने फिर लगाई पाकिस्तान को लताड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**जेनेवा :** पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। भारत ने ऐसे निराधार और मिथ्या बयानों के लिए पड़ोसी देश की जमकर आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि आज एक प्रतिनिधिमंडल ने निराधार और मिथ्यापूर्ण बातें फैलाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया। हालांकि, इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। यह पहले भी होता रहा है। उन्होंने कहा कि मैं केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान का कीमती वक्त बचाने के लिए किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देकर इन



**पाक को लताड़ा**

▶▶ कश्मीर पर निराधार और भ्रामक बयानों के लिए सुनाई खरी-खोटी, निराधार मुद्दों पर जमकर सुनाया

टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं दूंगा। माथुर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चर्चा में भारत की ओर से बयान दे रहे थे।

**पाकिस्तान पहले भी कर चुका ऐसी हरकतः** इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने चर्चा के दौरान महासभा के मंच से अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र किया। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। भारत ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाने की पाकिस्तान की कोशिशों की कड़ी आलोचना की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

# सफलता: डोडा में मुठभेड़, एक आतंकी का सफाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**डोडाः** जम्मू संभाग के जिला डोडा में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिले के गंदोह इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हो रही है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने एक आतंकी के मारे जाने की पुष्टी की है। यहां कुछ और आतंकी घिरे हुए हैं। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। जवान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह इलाका घने जंगल और पहाड़ से घिरा हुआ है। यहां तेज बारिश हो रही है। इसी बीच ऑपरेशन चल रहा है। डोडा में पिछले कुछ दिनों से लगातार आतंकियों की तलाश में तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी बीच कई बार अलग-अलग जगहों पर संदिग्ध देखे जाने की भी सूचना मिल रही थी, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लग पा रही थी। आज मुठभेड़ स्थल क्षेत्र में फिर संदिग्ध देखे जाने के बाद घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था।

# भारत यूएन जैसे मंचों पर अफ्रीका की भूमिका का समर्थकः जयशंकर

### भारत पारस्परिक रूप से लाभप्रद और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक संबंध की उम्मीद करता हैः विदेश मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः अफ्रीका-डे के मौके पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राजधानी दिल्ली में एक सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने भारत और अफ्रीका के संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को बहुत निकटता से मिलकर काम करना होगा। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत विश्व बंधु होने की सच्ची भावना के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक संबंध की उम्मीद



करता है। उन्होंने बताया कि भारत संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षीय मंचों पर अफ्रीका की बड़ी भूमिका का समर्थक है।

**भारत-अफ्रीका के संबंधों पर बोले जयशंकरः** जयशंकर ने भारत और अफ्रीका के रक्षा मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यहां तक की अफ्रीका के रक्षा मंत्री कई बार भारत में बैठक कर चुके हैं। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, "हमारे सैन्य संस्थानों में कई देशों के सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाता है। भारत ने नाइजीरिया, इथियोपिया और तंजानिया में रक्षा संस्थानों की स्थापना में भी योगदान दिया है।" उन्होंने आगे कहा, "भारत ने बोत्सवाना, नामीबिया, युगांडा, लेसोथो, जाम्बिया, मॉरीशस, सेशेल्स और तंजानिया जैसे कई अफ्रीकी देशों में प्रशिक्षण टीमें तैनात की हैं।"

# नए कानून लागू करने की तैयारी, दिया गया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) अगले हफ्ते से तीन नए आपराधिक कानून लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जमीनी स्तर के 40 लाख पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि लोग कानूनों के बारे में जागरूक रहें और इनका असर हर किसी पर, खासतौर पर महिलाओं और बच्चों पर पड़े। 5.65 लाख से ज्यादा पुलिस, जेल, फोरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन अधिकारियों को भी तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

एक जुलाई से लागू होने वाले ये कानून ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

**नाराजगी** जयराम ठाकुर को अपने शब्दों और सोच पर नियंत्रण रखने की दी चेतावनी

# अपने निर्णयों की आलोचना से हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया खफा

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां विपक्ष खासकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा उनके निर्णयों की आलोचना से अत्यधिक नाराज हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने गत दिवस को शिमला में पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को चेतावनी दी कि वह अपनी सोच और शब्दों पर नियंत्रण रखें, अन्यथा उन्हें फिर से मजबूरन कोई संवैधानिक कदम उठाना पड़ेगा। पठानियां ने कहा कि उनके निर्णयों की आलोचना अवमानना के दायरे में आती है फिर यह आलोचना सदन के भीतर हो या सदन के बाहर। विधानसभा अध्यक्ष



ने कहा कि जिस तरह अदालत के निर्णयों की आलोचना अवमानना के दायरे में आती है। उसी तरह विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय की आलोचना थी अवमानना के दायरे में आती है और उनके निर्णय की समीक्षा केवल सदन के भीतर हो सकती है। इसके लिए भी विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति जरूरी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि

**आलोचना**

▶▶ उनके निर्णयों की आलोचना अवमानना के दायरे में आती है फिर यह आलोचना सदन के भीतर हो या सदन के बाहर

उनके फैसलों को न केवल जनता ने बल्कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी सही ठहराया है। ऐसे में इन फैसलों पर पब्लिक डोमेन में बयानबाजी करना सरासर गलत है और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जो नियम कानून सदन के भीतर लागू होते हैं वही नियम कानून सदन के बाहर भी लागू होते हैं। उन्होंने विधानसभा सदस्यों खासकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से आग्रह किया कि यदि वह विधानसभा अध्यक्ष के निर्णयों पर चर्चा करना चाहते हैं तो सदन के भीतर ही इन्हें उठाएं न कि पब्लिक डोमेन में। विधानसभा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विपक्ष के अन्य विधायक व नेता राजनीतिक लाभ लेने के लिए उनके निर्णयों पर सार्वजनिक मंचों से बयान बाजी कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह की परंपरा को रोकने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास तीन तरह के अधिकार क्षेत्र मौजूद है।

# टूटेगा अकाली दल ! पार्टी में कलह जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** शिरोमणि अकाली दल में सब कुछ ठीक नहीं है। प्रधान सुखबीर सिंह बादल की अध्यक्षता में जब चंडीगढ़ में जिला प्रधानों व हलका प्रभारियों की बैठक चल रही थी, तब कई वरिष्ठ नेता जालंधर में जुटे थे। इन सीनियर नेताओं ने जालंधर में एक बैठक आयोजित कर पार्टी प्रधान सुखबीर बादल को बदलने की मांग कर दी। हालांकि शिरोमणि अकाली दल कार्यसमिति ने पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास जताया है और विरोधियों से पंथ के दुश्मनों के हाथों में न खेलने का आग्रह किया है। समिति ने अध्यक्ष से पार्टी, पंथ और पंजाब के खिलाफ साजिशों को उजागर करने के प्रयासों का नेतृत्व



**विरोध**

▶▶ शिअद अपने स्टैंड पर कायम है कि उसने भाजपा के साथ गठबंधन न करके सही किया है

करने को कहा है। जालंधर में वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने कहा कि सभी वरिष्ठ नेता एक जुलाई को अकाल तख्त पर मत्था टेकने के बाद वहीं से शिरोमणि अकाली दल बचाओ लहर की शुरूआत करेंगे। इस बैठक में चंदूमाजरा के साथ सिकंदर सिंह मलूका, सुरजीत सिंह, रखड़ा, बीबी जागीर कौर व अन्य नेता मौजूद थे। इस मीटिंग को बगावत के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि भाजपा की शह पर पार्टी को खत्म करने का काम किया जा रहा हैं, लेकिन पार्टी विरोधी लोगों को इसमें सफल नहीं होने दिया जाएगा। चुनाव में खराब के प्रदर्शन के बाद भी शिअद अपने स्टैंड पर कायम है कि उसने भाजपा के साथ गठबंधन न करके सही किया है। आगे भी पार्टी उनके साथ गठबंधन में नहीं जाएगी।

# मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर ने विश्व धरोहर उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

## कहा कि अगले वर्ष से विश्व धरोहर उत्सव का आयोजन 21 जून विश्व योग दिवस से 25 जून तक किया जाएगा

**उत्सव**

▶▶विश्व धरोहर उत्सव का आयोजन 21 जून विश्व योग दिवस से आरम्भ होकर 25 जून तक भव्य रूप से किया जाएगा



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: मुख्य** संसदीय सचिव वन, पर्यटन, ऊर्जा एवं परिवहन सुन्दर सिंह ठाकुर ने आज वन विभाग द्वारा आयोजित ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क संरक्षण क्षेत्र के विश्व धरोहर उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सीपीएस ने कहा कि अगले वर्ष से विश्व धरोहर उत्सव का आयोजन 21 जून विश्व योग दिवस से आरम्भ होकर 25 जून तक भव्य रूप से किया जाएगा ताकि विश्व स्तर के पर्यटकों भी इसमें शामिल किया जा सके।

उन्होनें कहा कि आने वाले समय में आउटर सिराज से कुल्लू सिराज को जोड ? के सभी प्रयास किए जा रहे हैं जिससे पर्यटन को विस्तार मिलेगा।उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय की सडकों को बेहतर किया जा रहा है जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को पर्यटन का सुखद अनुभव मिल सके तथा विश्व धरोहर के रुप में यहां वैश्विक पर्यटन विकसित हो सके।

उन्होनें कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि हम एसे महत्वपूर्ण धरोहर स्थलों की महिमा के प्रति सजग हैं और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए प्रयास करते रहते हैं। उन्होनें कहा विश्व में 227 प्राकृतिक स्थलों को विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है और जिसमें एशिया में 72 स्थल है। भारत में केवल 7 प्राकृतिक स्थलों को यह गौरव प्राप्त है जिनमें से जीएचएनपी सीए एक स्थल है। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क संरक्षण क्षेत्र को दोहा में 25 जून 2014 को आयोजित विश्व धरोहर समिति की बैठक के 38 वें सत्र के दौरान

यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में पश्चिमी हिमालय में जैव विविधता संरक्षण और असाधारण प्राकृतिक सुंदरता के लिए शामिल किया गया।सीपीएस ने कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से उतरी, पूर्वी और दक्षिणी सीमाओं में बर्फीली पहाड़ियों द्वारा संरक्षित हैं। इस पार्क की प्राकृतिक सुंदरता अदभुत है।

# आज से मोबाइल वेटरनरी यूनिट के पशु चिकित्सक कर रहे हैं पेन डाउन स्ट्राइक




**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: केंद्रीय** प्रायोजित स्कीम के आधार पर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट चलाई गई है जिसके अंतर्गत बीमारी से ग्रसित पशुओं का घर द्वार पर ही उपचार किया जा रहा है। यह सरकार द्वारा एक बहुत ही सराहनीय कदम है। परंतु इस मोबाइल यूनिट में नियुक्त किए गए वेटरिनरी ऑफ िसर एवं अन्य स्टाफ को प्राधिकृत कंपनी द्वारा केंद्रीय पद्धति के अनुसार वेतनमान नहीं दिया जा रहा, अर्थात कम वेतन दिया जा रहा है, जिसका सभी पशु चिकित्सकों ने विरोध किया है। मोबाइल वेटरनरी यूनिट के पशु चिकित्सकों द्वारा सोमवार 24 जून, 24 से पेन डाउन स्ट्राइक का फैसला लिया गया, जिसमें पशु चिकित्सकों द्वारा काला रुमाल हाथ में बांधकर पूरे हिमाचल के मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स में रोष प्रकट किया गया। सिर्फ हिमाचल प्रदेश में ही मोबाइल वेटरनरी स्टाफ को कम वेतन दिया जा रहा है। अगर तुलना की जाए तो अन्य प्रदेशों में इसी सुविधा में स्टाफ को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान दिया जा रहा है। इसके अलावा भी पशु चिकित्सकों द्वारा काफ ी मांगे उठाई गई है जैसे कि अस्पताल में उचित बैठने की सुविधा न होना, मुफ्त दवाइयां उपलब्ध न करवाना, कुछ क्षेत्रों में बिना पशु चिकित्सकों के ही एंबुलेंस को चलाना, सरकारी कैलेंडर के अनुसार अवकाश न प्रदान किया जाना। इसके साथ कंपनी द्वारा वेटरनरी फ र्मासिस्ट को चेतावनी पत्र भेजकर बिना पशु चिकित्सक के ही इलाज करने के लिए मजबूर करना भी कंपनी द्वारा किया गया एक निंदनीय कार्य है जिसका हिमाचल प्रदेश के सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट स्टाफ कड़ी निंदा करता है। इस प्रकार का कदाचार न केवल लोगों की आस्था एवं विश्वास के साथ धोखाधड़ी है ब्लकि लोगों की भावनाओं को ठेस भी पहुंचाता है।

## न्यूज फ्लैश

### पंजाब की गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला** सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल के छीछडियाधार में गत देर शाम को पंजाब की एक गाड़ी ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। वहीं पंजाब नंबर की गाड़ी में सवार सभी लोग वाहन सहित लोग मौके से फ रार हो गए, जिनकी राजगढ़ पुलिस तलाश कर रही है। राजगढ़ पुलिस को दिए अपने शिकायत पत्र में घायल राजकुमार के भाई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बोन पर इसके भाई ने जानकारी दी थी कि पंजाब नंबर की एक तेज रफ्तार गाड़ी ने इसको टक्कर मार दी। हादसे में इसकी टांगए छाती तथा शरीर के अन्य भागों में भारी चोटें लगी है। जबकि मौके से पंजाब नंबर की गाड़ी का चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है। रात को जब यह अपने गांव कुंडिया कडग से राजगढ़ अस्पताल पहुंचा, तो उसने देखा कि इसका भाई राजकुमार हॉस्पिटल में बेहोश हालत में पड़ा है, जिसे कि डॉक्टरों ने गंभीर देखते हुए सोलन अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, वीरेंद्र की शिकायत पर राजगढ़ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर हादसे की छानबीन शुरू कर दी है। जिला सिरमौर के पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा ने घटना की पुष्टि की है।

### ज्ञान विज्ञान समिति ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: नशा** निवारण दिवस के उपलक्ष्य पर हमीरपुर के ब्राह लरी गांव में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने नशे के खिलाफ ब्रालरी गांव में बैठक की व जागरूकता रैली निकाली स हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति प्रदेश में बढ़ते नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। हिमाचल प्रदेश नशे के इस्तेमाल में दूसरे नंबर पर आ गया है। बीते एक साल में प्रदेश के 58 युवाओं को नशे के प्रयोग से अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है और अब ये नशा गांव गांव तक पहुंच चुका है।नशे के सौदागर शिक्षण संस्थानों के आसपास अपना प्रभाव बढ़ाते हैं। बढ़ती बेरोजगारी भी एक प्रमुख कारण है जो युवाओं को ध्यान नशे की तरफ आकर्षित हो जाता है। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति आने वाले समय में अपनी गतिविधियों को और बढ़ाएगी और गांव-गांव में जागरूकता कमेटीयों का गठन किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके।आज के कार्यक्रम को हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की जिला संयोजक रेखा गौतम के अलावा उर्मिला, सुशील कुमार, कोमल शर्मा, रजनीश कुमारी सहित दर्जन लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रेखा गौतम ने कहा अभिभावक को अपने बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध बनाए ताकि वह हर छोटी बड़ी बात बिना झिझक के सांझा कर सकें स बच्चों को परिवार के साथ खाना खाने के लिए प्रेरित करें स अपने बच्चों के दोस्तों के बारे में भी जानकारी रखें व सामाजिक कार्य में भी शामिल करें।

### बरठीं में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बरठीं में रोगी कल्याण समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चेयरमैन आरकेएस एसडीएम झंडूत्ता योगराज धीमान ने शिरकत करते हुए समस्याओं को सुना। एमओ टंडन ने बताया कि उन्हें प्रति वर्ष 5 लाख की ग्रांट सरकार द्वारा दी जाती है। जिससे अस्पताल के लिए जरूरी वस्तुएं खरीदी जाती हैं। बैठक में अस्पताल प्रशासन के साथ साथ मरीजों को आ रही समस्याओं व उनके नादान के बारे विस्तार से चर्चा की गई। अस्पताल के भीतर एयर कंडीशनर की मांग भी रखी गई जिसके चलते दो एसी स्वीकृत किए गए। कृष्णा टेस्ट लैब में प्रिंट रिपोर्ट को चुस्त दरुस्त करने पर भी संज्ञान लिया गया। बैठक में अस्पताल के मुख्य द्वार के बिल्कुल सामने मरीजों के आने जाने के लिए रैंप बनवाने के साथ परिसर में वार्ड के लिए खतरा बन चुके 3 बड़े पेड़ों को उठाने पर भी चर्चा की गई।

जिसे एसडीएम ने उन्हें तरीका बताते हुए समस्या के निदान की बात कही। इसके साथ ही बारिश व धूप के दिन अस्पताल की दोनों ईमारतो को जोड ? के लिए शेड बनाने की भी बात कही। अस्पताल के अंदर व बाहर टॉयलेट व्यवस्था को सुचारु बनाने पर भी चर्चा करके इसके निदान की बात कही।

# महिला ने एंबुलेंस में शिशु को दिया जन्म



**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला** सिरमौर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के जोहड़ों की एक महिला ने देर रात 108 एंबुलेंस में नवजात को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार कालाअंब क्षेत्र के जोहड़ों की रहने वाली 22 वर्षीय महिला निर्मला को बीती रात अचानक लेबर पैन उठी। इसकी जानकारी परिजनों ने बीती रात 9:51 बजे 108 पर कॉल करके दी। लिहाजा, ईएमटी गगन और पायलेट जसविंदर सिंह एंबुलेंस लेकर रात 10:25 बजे जोहड़ो पहुंचे। यहां से गर्भवती महिला को लेकर दोनों कर्मी मोगीनंद के समीप पहुंचे ही थे कि प्रसव पीड़ा काफी बढ़ गई। इसके बाद ईएमटी और पायलेट ने रास्ते में एंबुलेंस खड़ी कर महिला का सफल प्रसव करा दिया।

108 एंबुलेंस के पायलेट जसविंदर ने बताया कि रात 11:03 बजे महिला ने नवजात को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, जिन्हें मेडिकल कालेज नाहन में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी एंबुलेंस में कई बार सफल प्रसव कराया जा चुका है।

# युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर ही सशक्त राष्ट्र निर्माण संभव: उपायुक्त

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिला के लोगों को किया जागरूक



**अनिल**

**किन्नौर: समूचे** देश व प्रदेश सहित जनजातीय जिला किन्नौर में आज अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिला के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों व इसकी रोकथाम बारे जागरूक किया गया। इसके अलावा नशे की अवैध तस्करी की रोकथाम बारे भी लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का विषय साक्ष्य स्पष्ट है: रोकथाम में निवेश करें रखा गया है जिसके तहत नशे की अवैध तस्करी की रोकथाम करना व नशीली दवाओं के दुरूपयोग से आम लोगों को जागरूक कर एक स्वस्थ व सशक्त समाज का निर्माण करना है। उपायुक्त ने कहा कि नशे की बुराई पर शिकंजा कसने के लिए समाज में इसके विरूद्ध संवेदनशीलता, सतर्कता और जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। युवा हमारी भावी पीढ़ी है तथा एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। इसलिए हमारा यह दायित्व बनता है कि हम युवाओं को नशे से दूर रखने में अपनी भूमिका अदा करें व अपने परिवार की युवा-पीढ़ी को नशे से दूर रखें।नशा निवारण दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय से पंजाब नैशनल बैंक तक एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसे उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# पांवटा पुलिस ने करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी को यूपी से किए गिरफ्तार

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला** सिरमौर के पांवटा साहिब बाजार में करीब चार माह पहले 50 से 60 लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले उत्तरप्रदेश के दोनों आरोपियों अभिषेक तिवारी और हिमांशु तिवारी को पांवटा साहिब पुलिस ने यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पांवटा साहिब पुलिस ने 50 लोगों की शिकायत पर उनके साथ हुई इलेक्ट्रॉनिक सामान के लोन की धोखाधड़ी के मामले दर्ज करवाए थे। लिहाजाए डीएसपी पांवटा साहिब अदिति सिंह की नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने मामले में गहनता से जांच की। उत्तर प्रदेश के दोनों भाइयों ने पांवटा साहिब में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम खोला थाए जहां उन्होंने लोगों को इलेक्ट्रॉनिक सामान लोन पर देने और उनके क्रेडिट कार्ड कर डेबिट कार्ड से लोन की किस्तों में हेराफेरी कर करोड़ो रुपए की ठगी की। लोगों को इस ठगी के बारे में उस समय पता चला जब उन्हें बैंकों से मैसेज और लोन की किश्तों को भरने के लिए फोन आने लगे। जब लोग बैंक पहुंचे तो लोगों को पूरा मामला समझ आया। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए दोनों आरोपी भाई 34 वर्षीय हिमांशु तिवारी और 36 वर्षीय अभिषेक तिवारी पुत्र अवदेश तिवारी निवासी गांव सकतुआ, पोस्ट ऑफि स पत्थरदेवा, जिला देवरिया (उत्तरप्रदेश) को देवरिया से गिरफ्तार किया। सोमवार को दोनों आरोपियों को पांवटा साहिब की अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों आरोपियों को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### नेशनल हाइवे-707 बीते 17 घंटे से बंद, बहाली का कार्य जारी

**एसपी जैरथ**

**पांवटा साहिब:** पांवटा साहिब से गुम्मा, राजमार्ग-707 पिछले लगभग 17 घंटे से बंद पड़ा है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिलाई के समीप बड़ी मात्रा में पहाड़ का मलबा खिसक कर आ गया था जिसकी वजह से राजमार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। हालांकि सडक को रिस्टोर करने का काम शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बीती शाम के समय बड़े-बड़े पत्थर बीच हाईवे पर आ गिरे। जिस कारण पिछले 17-18 घंटों से मार्ग बंद है।

# नड्डा का राज्यसभा में सदन के नेता पद पर ताजपोशी होना बिलासपुर के लिए गौरव: शर्मा



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद अब उनकी राज्यसभा में सदन के नेता पद पर ताजपोशी से उनके गृह जिला बिलासपुर में जश्न का माहौल है। नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने जेपी नड्डा को बधाई देते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। वहीं, मंगलवार को जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान की अगुवाई में पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए कार्यकताओं ने लड्डू बांटकर और नड्डा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। रणधीर शर्मा, जीतराम कटवाल, त्रिलोक जमवाल, राजेंद्र गर्ग, स्वतंत्र सांख्यान व स्वदेश ठाकुर ने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे से पर्वतीय राज्य से ताल्लुक रखने वाले जेपी नड्डा को भाजपा संगठन और सरकार में आज तक जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्होंने उसे बखूबी निभाया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनकी अगुवाई में पार्टी ने लोकसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया। हिमाचल में लोकसभा की चारों सीटें जीतने के साथ ही केंद्र में जीत की हैट्रिक के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार भी बनी है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में जेपी नड्डा को स्वास्थ्य जैसा अहम मंत्रालय दिया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री रहते उन्होंने आयुष्मान भारत जैसी महत्वपूर्ण योजना शुरू की, जिससे देश के करोड़ों लोग लाभांवित हो रहे हैं।

# राज्यपाल ने सम्पूर्ण क्रान्ति आंदोलन महोत्सव का शुभारम्भ किया




**चमन शर्मा**

**शिमला: जेपी** आंदोलन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार देर सायं इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में सम्पूर्ण क्रांति आन्दोलन महोत्सव का आयोजन किया गया।महोत्सव का शुभारम्भ करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जयप्रकाश नारायण को भारत के नव निर्माण का महान नायक बताया। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों के फलस्वरूप आज देश में लोकतन्त्र को नई दिशा मिली है। देश के नव निर्माण आन्दोलन में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। देश की स्वतन्त्रता संघर्ष और देश के निर्माण में उनका योगदान स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।राज्यपाल ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण यथार्थवादी थे और उन्होंने सपनों को हकीकत में बदला। हम सभी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।राज्यपाल ने कहा कि लोक नायक जय प्रकाश अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विकास केन्द्र द्वारा लोक नायक जयप्रकाश नारायण की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम प्रशंसनीय हैं और इनके माध्यम से उनकी स्मृतियों को संजोकर रखा जा रहा है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सम्पूर्ण क्रांति आन्दोलन में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए 12 लोगों को जेपी सेनानी सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय तिब्बत प्रशासन के पूर्व प्रधानमन्त्री प्रो. सम्डोंग रिन्पोचे, पूर्व केन्द्रीय मन्त्री बीके त्रिपाठी, शोधार्थी, विचारक और समाज सेवी उपस्थित रहे।

# हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां पूरी

## 50 फिल्म डायरेक्टर-प्रोड्यूसर तथा दस अभिनेता करेंगे शिरकत: पवन शर्मा

**फिल्म फेस्टिवल**

▶▶फिल्म फेस्टिवल के दौरान ही हिमाचल की कहानी पर आधारित फिल्म की लॉचिंग की जाएगी



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: हिमाचल** प्रदेश के केंद्र में स्थित छोटी काशी मंडी में आगामी 27 से 30 जून तक आयोजित होने हिमाचल इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल की तैयारियां पूरी हो गई है। मुंबई से आए फि ल्म फेस्टिवल डायरेक्टर पवन शर्मा ने बताया कि मंडी जैसे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले शहर में यह पहला मौका है कि जब हिमाचल इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल का आयोजन स्थानीय रत्तन ज्वैलर्स के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल में क्षेत्रीय, आर्ट एवं विभिन्न भाषाओं की फि ल्मों के करीब पचास फि ल्म डायरेक्टर-प्रोडयूसर मंडी पहुंच रहे हैं। फि ल्मों और टेलिविजन के दस मशहूर कलाकार भी इसका हिस्सा होंगे जिनमें चंद्रकांता फेम क्रूर सिंह अखिलेश मिश्रा, सीआईडी फेम आदित्य श्रीवास्तव, गंगाजल फि ल्म के मुख्य विलेन यशपाल शर्मा, शांति के नानू जासूस राजेश, अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्निपथ, मंगल और मातृभूमि जैसी फि ल्मों में अपने अभिनय की छाप छोडने. वाले मंडी के नीरज सूद, चिल्लर पार्टी फेम मंडी की कलाकार सपना, अनिल कपूर के साथ फैनी खान में लीड रोल करने वाली पीहू, आफि स-आफि स फेम हेमंत पांडे,तीस से अधिक तेलुगु फि ल्मों में अभिनय करने वाले और मां साहब के निर्देशक ओम आदि इस हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने वाले हैं। हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान संस्कृति सदन में विभिन्न भाषाओं, प्रांतीय एवं आर्ट करीब 35 फि ल्में दिखाई जाएगी। पवन शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से इस फि ल्म फेस्टिवल के लिए फि ल्मों के सेंसर के लिए पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म फेस्टिवल में उनके द्वारा निर्देशित फि ल्म वन रक्षक दर्शकों की मांग पर दिखाई जा रही है। पवन शर्मा ने बताया कि फि ल्म फेस्टिवल के दौरान ही हिमाचल की कहानी पर आधारित फिल्म की लॉचिंग की जाएगी। बुधवार को फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने वाले लोगों का पंजीकरण करवाया गया।

# नन्दलाल ठाकुर को सौंपी नैहर हरनोड़ा दंगल कमेटी कमान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** मंगलवार को आयोजित हुई नैहर हरनोड़ा दंगल कमेटी की बैठक शिवराम ठाकुर की अध्यक्षता में सपन्न हुई। जिसमें कमेटी अध्यक्ष व अन्य प्रतिनिधियों के चुनाव से संबंधित चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नंदलाल ठाकुर नंदी को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। नन्द लाल ठाकुर ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो दायित्व उन्हें दिया गया है उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेगें। इसके अलावा दंगल कमेटी में प्रतिनिधियों व सदस्यों का भी गठन किया गया। बताते चले इससे पहले नन्दलाल ठाकुर बीडीटीएस बरमाणा में चेयरमैन, कोल बांध कमेटी के उपप्रधान, औसती कमेटी कसोल के दस साल तक बतौर प्रधान सेवाएं दे चुके है।

इसके अलावा 1996 में हरनोड़ा की संघर्ष समिति प्रधान रहते सलापड़ से नैहर हरनोड़ा तक बस लगवाने के लिए तत्कालीन एडीएम देरक से शुभारम्भ करवाने में काफी संघर्ष किया था। गठित नई कार्यकारिणी में प्रकाश चंद ठाकुर उप प्रधान, सोहनलाल ठाकुर सोनू सचिव, टेकचंद उप प्रधान, बाबूराम ठाकुर कोषाध्यक्ष, जीत राम ठाकुर मंच संचालक, शिवराम ठाकुर मुख्य सलाहकार, सुनील कुमार ठाकुर सह सचिव, संजीव कुमार प्रेस सचिव, अमर सिंह ठाकुर सहसचिव होंगे।


**Change Of Name**

I Shagun D/o Kapil Dev R/o VPO Bhugnara, Tehsil Nurpur, Distt. Kangra, Himachal Pradesh-176201, have changed my name to Shagun Choudhary.

# राजीव बिंदल ने लोकसभा में आपातकाल पर प्रस्ताव लाने के प्रशंसा की

**चमन शर्मा**

**शिमला: भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने लो सभा के पुनः अध्यक्ष चुने गए ओम बिरला द्वारा अपने प्रथम दिन पर आपातकाल पर प्रस्ताव लाने की प्रशंसा की और इस प्रस्ताव का अभिनंदन किया, उन्होंने कहा की यह लोकसभा के अध्यक्ष की सबसे बड़ी पहल है जहां वह साफ दिखना चाहते हैं कि लोकतंत्र से ऊपर कोई नहीं है।

डॉ बिंदल ने बयाता की प्रस्ताव अनुसार लोक सभा के सदन ने 1975 में देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसके साथ ही हम, उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था। भारत की पहचान पूरी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के तौर पर है। भारत में हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद-संवाद का संवर्धन हुआ, हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की गई, उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया गया। ऐसे भारत पर इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोप दी गई, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया। इमरजेंसी के दौरान भारत के नागरिकों के अधिकार नष्ट कर दिए गए, नागरिकों से उनकी आजादी छीन ली गई। ये वो दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया था। तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी थीं और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर भी अंकुश लगा दिया था। इमरजेंसी का वो समय हमारे देश के इतिहास में एक अन्याय काल था, एक काला कालखंड था।



**कांग्रेस को घेरा**


▶▶ उस समय की कांग्रेस सरकार ने कई ऐसे निर्णय किए, जिन्होंने संविधान की भावना को कुचलने का काम किया

आपातकाल इमरजेंसी लगाने के बाद उस समय की कांग्रेस सरकार ने कई ऐसे निर्णय किए, जिन्होंने हमारे संविधान की भावना को कुचलने का काम किया।

# दिनदहाड़े तेंदुए ने व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला

**हमला**

▶▶ मेडिकल कालेज नाहन भेजा गया। तेंदुए ने अख्तर के मुंह और बाजू को काफी जख्मी किया है



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला सिरमौर की नाान तहसील के अंतर्गत आने वाली कौलांवालाभूड़ पंचायत के कोटड़ी गांव के एक व्यक्ति पर तेंदुए ने दिनदहाड़े हमला कर दिया। घायल का उपचार मेडिकल कालेज नाहन में चल रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार कोटड़ी गांव का अख्तर अली पुत्र जमीलोदीन साथ लगते जंगल में बकरियां चराने गया ही था कि अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह लहुलूहान हो गया। इस बीच उसके जोर-जोर से चिल्लाने के आवाजें सुनकर लोग जंगल की ओर भागे, जहां अख्तर अली घायल हालत में मिला। तेंदुए ने उसके शरीर के कई हिस्सों को जख्मी किया था। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को दी।

लिहाजा, मौके पर पहुंची एंबुलेंस के माध्यम से घायल को मेडिकल कालेज नाहन पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। उधर, पंचायत के पूर्व प्रधान धनबीर ठाकुर ने बताया कि जंगल में बकरियां चराते वक्त अख्तर पर तेंदुए ने हमला कर दिया।

इसके बाद उसे एंबुलेंस से मेडिकल कालेज नाहन भेजा गया। तेंदुए ने अख्तर के मुंह और बाजू को काफी जख्मी किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बैजनाथ फतेह के लिए बृज मार्शल आर्ट अकैडमी की 13 सदस्यीय टीम रवाना

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बृज कराटे क्लब व बृज मार्शल आर्ट अकैडमी के निदेशक शिहान बृजलाल चैहान ने बताया की 26 जून 2024 को सब-जूनियर राज्य कराटे प्रतियोगिता कांगड़ा बैजनाथ में होने जा रही है। जिसके लिए बिलासपुर से बृज कराटे क्लब के 13 सदस्य की टीम 25 जून को बिलासपुर से रवाना हो रही है। जिसमें टीम मैनेजर बृजलाल चैहान टीम कोच दीपांशी तथा खिलाडि?ों में रुद्राणी, अंशिका, शैरन सेन, साक्षी, आर्य, अंकित, आरती, अभय, असलान तथा देवांश बिष्ट शामिल है। इसमें सात लड़कियां व तीन लडके शामिल हैं। अकादमी के सभी पदाधिकारियों ने तथा समाज सेविका सेवानिवृत इंजीनियर सुमन चड्ढा ने बच्चों को खेल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा खेल भावना से खेल कर पद प्राप्त करने व अकादमी का नाम तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

### ज्वलंत समस्याओं को लेकर डीसी, डिप्टी डायरेक्टर से मिले एमडीएम कर्मी

**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** मंगलवार को आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के बैनर तले मिड-डे-मील कर्मियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेखराम वर्मा व मिड-डे-मील प्रदेशाध्यक्ष कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में एक जिलास्तरीय प्रतिनिधि मंडल उपशिक्षा निदेशक से मिले तथा लंबी वार्ता में समस्याओं को रखा। इसके बाद यह प्रतिनिधिमंडल डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक से भी मिले। वहीं प्रैस को जारी बयान में एटक राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेख राम वर्मा ने बताया कि मिड-डे-मील कर्मियों को जनवरी माह से रूका हुआ वेतन तुरंत प्रभाव से जारी किया जाए, तथा इस वेतन की अदायगी के लिए हर माह की 7 तारीख सुनिश्चित की जाए। वर्मा नें कहा कि जिस कार्य के लिए सरकार ने उन्हें काम के लिए रखा है, उनसे केवल वही काम करवाया जाए। उन्होंने मिड-डे-मील कर्मियों को नियमित करने की भी जोरशोर से मांग उठाई है। मिड-डे-मील कर्मियों की जिलाध्यक्षा रेखा ठाकुर, एटक के राज्य समिति सदस्य अमर सिंह चैधरी ने चिकित्सा प्रमाण पत्र, मिड-डे-मील कर्मियों से नियुक्ति के समय ही लिया जाए। इसका नवीनीकरण संबंधित स्कूलों में ही निशुल्क बनवाया जाए। यहीं नहीं उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार सभी वर्कर्ज को दस महीने की बजाए 12 माह का वेतन दिया जाए।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सोलन, हिमाचल प्रदेश में नए बैंकिंग आउटलेट के साथ अपनी उपस्थिति का विस्तार किया।

सोलन: उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश के सोलन में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस उद्घाटन के साथ, बैंक ने हिमाचल प्रदेश राज्य में 3 बैंकिंग आउटलेट और देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 907 बैंकिंग आउटलेट का विस्तार कर लिया है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री गोविंद सिंह ने कहा, ह्लहम हिमाचल प्रदेश में अपने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार करने पर खुश हैं। यह राज्य में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सोलन, जिसे अक्सर 'भारत का मशरूम शहर' कहा जाता है, अपने समृद्ध बागवानी और कृषि उद्योगों के लिए जाना जाता है। यह शहर प्राकृतिक सुंदरता और मौसमी सब्जियों, जिसमें मशरूम की खेती और टमाटर उत्पादन शामिल है, के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा, यह देश के सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक है। इस बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन स्थानीय समुदायों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में समर्थन देने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के भीतर आर्थिक विकास, वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।"

# पतलीकूहल में हुआ रक्तदान शिविर आयोजित

**श्याम कुल्वी**



**कुल्लू :** जिला कुल्लु के मनाली उपमंडल के अंतर्गत पतलीकूहल में आज सामाजिक संस्था टीम गोली द्वारा एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिला कुल्लु में रक्त की कमी के चलते मरीजों को काफ ी समस्या से जूझना पड़ता है ऐसे में सामाजिक संस्था टीम गोली व रक्त एकत्र संग्रहालय द्वारा संयुक्त तत्वावधान में इस शिविर को आयोजित किया गया। टीम गोली के कप्तान सन्नी नेगी ने बताया कि उनकी संस्था अकसर नेक कार्यो में अपना बेशकीमती योगदान देते आए हैं और आज इस शिविर में संस्था के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोगों पुलिस विभाग व महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया इस दौरान मनाली निवासी दिव्यांगना मेहता ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर रक्तदान के लिए पहुंची लेकिन हीमोग्लोबिन की कमी के चलते रक्तदान नहीं कर पाई और शिविर में पहुंचे कुछ रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र आवंटित कर सब का आभार जताया।

# मिंजर मेला-2024 से संबंधित सांस्कृतिक संध्या उपसमिति की बैठक आयोजित

**हामिद**


**चंबा: अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेला 2024 में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में सांस्कृतिक उपसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मिंजर मेले की 8 सांस्कृतिक संध्याओं में स्टार नाईट, स्थानीय तथा हिमाचली नाईट निर्धारित करने बारे, स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रम प्रस्तुत करने बारे, स्टार कलाकारों को आमंत्रित करने बारे, हिमाचली कलाकारों को आमंत्रित करने बारे, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए स्टेज लाईट तथा सांऊड बारे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आर्केस्ट्रा करने बारे विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला 2024 के दौरान आयोजित होने वाली कुल आठ सांस्कृतिक संध्याओं में से दो बॉलीवुड नाइट, दो पंजाबी नाइट, तीन हिमाचली नाइट तथा एक चंबयाली नाइट होंगी। मिंजर मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संबंधित ऑडिशन के लिए संगीत कला में माहिर लोगों को निर्णायक मंडल में शामिल किया जाएगा। अधिक जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने बताया कि मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या को छोडकर अन्य सभी सांस्कृतिक संध्याओं का समय रात्रि 10 बजे तक रहेगा जबकि अंतिम सांस्कृतिक संध्या रात्रि 12 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि क्योंकि मिंजर मेला को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्राप्त है।



# डायरिया नियंत्रण, टीकाकरण के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें : उपायुक्त

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने सघन डायरिया नियंत्रण तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न टीकाकरण अभियान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि इस अभियान के अंतर्गत 0.5 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया के कारण होने वाली बच्चों की मौतों को कम करने के प्रयासों को तेज करने के लिए गहन डायरिया नियंत्रण अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान जिला मंडी में पहली जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा। जिले भर में कार्यक्रम के दौरान 63975 हाऊसहोल्ड कवर किए जाएंगे। इस दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर 0 से पांच वर्ष के बच्चों को ओआरएस और जिंक की गोली के पैकेट वितरित करेंगी तथा इस बारे लोगों को डायरिया रोग तथा हाथों की सफाई बारे भी जागरूक करेंगी।उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग को भी निर्देश दिए कि वह डायरिया की रोकथाम के लिए पानी की स्वच्छता व गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय-समय पर पानी की क्लोरीनेशन करते रहें। पारम्परिक जल स्त्रोतों का भी समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला में टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिला में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।



# भाजपा के कार्यकाल में शुरू हुआ बाहर का कचरा लेना: शबनम

**राज अग्रवाल**

**मनाली: नगर** परिषद की पूर्व अध्यक्ष शबनम तनवर ने नगर परिषद अध्यक्ष चमन कपूर के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया है। उन्होंने कहा कि मनाली मे कुल्लू का कचरा लेने का फैसला उनके समय मे नहीं हुआ है। बल्कि उस समय हुआ था जब नगर परिषद भी भाजपा की थी और प्रदेश की सत्ता मे भी भाजपा ही काबिज थी। उस वक्त नगर परिषद के पदाधिकारी क्यों मनाली से बाहर का कचरा लेते रहे।उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल मे बाकायदा कचरा लेने से प्रशासन का दबाव होने के बावजूद इंकार किया गया। सिर्फ दशहरे के दौरान ही कूड़ा कचरा लिया गया। नवंबर मे किसी जांच के चलते नगर परिषद प्रशासन चला रहा था।

# करसोग में नशा मुक्ति के संबंध में कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एसडीएम कार्यालय परिसर करसोग में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए शपथ समारोह का आयोजन उपमंडलाधिकारी नागरिक राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि आज हम एकजुट होकर नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत यह प्रतिज्ञा लेते है किए हम हमारे समुदाय, परिवार, दोस्तों और स्वयं को नशा मुक्त रखेंगे। हम एक जिम्मेदार भारतवासी के रूप में यह शपथ लेते हैं किए अपने घर के आस पास के विद्यालयों, महाविद्यालयों, अन्य संस्थानों व समस्त सार्वजनिक व निजी स्थलों पर नशे के दुष्प्रभाव बारे लोगों को हमेशा जागरूक करेंगे। नशे के सेवन से न केवल बौद्धिक और शारीरिक क्षमताओं की हानी होती है, अपितु इसका दुष्प्रभाव परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण पर भी पड़ता है। इसलिए आओ मिलकर अपने देश व प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लें। मैं प्रतिज्ञा करता हूंध्करती हूं किए मैं अपने देश और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। गौरतलब है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस का आयोजन हर साल 26 जून को किया जाता है। इसी कार्यक्रम के तहत आज एसडीएम कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह कार्यक्रम साक्ष्य स्पष्ट है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

## विभिन्न विभागों के तकनीकी सहायकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: उपायुक्त** तोरुल एस रविश की अध्यक्षता में बचत भवन कुल्लू में कुल्लू जिला के आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के तकनीकी सहायकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने विकासखंडों में चल रहे विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में पंचायत घरों के निर्माण, आँगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, ज्ञान केंद्रों के निर्माण, पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, हिम ईरा कैंटीन के निर्माण, संवाद ग्राम सेवा योजना, मुख्यमंत्री लोक भवन निर्माण एवं मनरेगा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में इन विकास कार्यों में आ रही बधाओं को लेकर भी चर्चा की गयी। उपायुक्त ने सभी खंड विकास अधिकारियों को लोगों के साथ तालमेल बैठाने के निर्देश दिये, जिस से विकास कार्यों में तेजी आये। नये भवनों के निर्माण के लिये भूमि का चयन, ज्ञान केंद्रों में अखबारों और पत्रिकाओं को उपलब्ध करवाने के लिये, मनरेगा के अंतर्गत निर्माण सामग्री तथा श्रम को 60:40 के अनुपात में करवाने के निर्देश दिये। स्थानीय उत्पादों की विक्री के लिये हिम ईरा केंटीनों के निर्माण तथा संचालन पर चर्चा की गयी।



# किन्नौर में महिलाओं के खातों मे आए 15 सौ रुपए

**अनिल**

**किन्नौर:** किन्नौर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्षा सरोज नेगी ने रिकांग पीओ मे प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटीयो को पूरा कर रही है और अपने वादे अनुसार लोगों से किए वादों पर खरी उतरी है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन लागू की गयी जिसके बाद बागवानी क्षेत्र मे सेब बागवानो को अच्छे दाम दिलाना, बागवानो के हित मे फैसले लेना, किलो के हिसाब से सेब मंडी मे सेब खरीदना, प्रदेश मे महिलाओं को अब 15 सौ रुपए देने ां वादा भी सरकार ने पूरा किया है और जिला के अंदर करीब 390 के आसपास महिलाओं के खाते मे 15 सौ रुपए आए है। जिसके बाद महिलाएं खुश व स्वयं को आत्म निर्भर महसूस कर रहीं है।हालांकि लोकसभा चुनावों के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व भाजपा नेताओं ने महिलाओं को मिलने वाले 15 रुपए के फार्म भरने की प्रक्रिया को रोकने हेतू इलेक्शन कमीशन मे शिकायत भी दर्ज की थी, परन्तु इलेक्शन कमीशन ने इसे जल्द शुरू किया था। जिससे यही साबित होता है कि भाजपा महिला विरोधी पार्टी है। सरोज नेगी ने कहा कि इसके अलावा भी प्रदेश सरकार अन्य बची हुई गारंटीयो को पूरा करने के लिए प्रयासरत है लेकिन भाजपा के नेता बिना तथ्यों के ब्याबाजी करते है वह बिलकुल गलत है जो जनता के विरोध मे ही होती है उन्होंने किन्नौर भाजपा के नेताओं को सलाह दी है कि भाजपा के नेता बिना तथ्यों के ब्यानबाजी से बचें व प्रदेश सरकार द्वारा जनता के हित मे किए जा रहे कार्यों मे बाधा न बने। सरोज नेगी ने कहा कि एक ओर सरकार अपनी सभी गारंटीयो को हर महीने पूरा करने के लिए काम कर रहीं है वहीं भाजपा के विधायक व नेतागण प्रदेश के अंदर सरकार गिराने की कोशिश मे ओछी राजनितिक दलदल मे कई बार गिरे है बावजूद उसके भी भाजपा के नेताओं को सबक नहीं मिला है।उन्होंने कहा कि किन्नौर जिला मे भी केबिनेट मंत्री लोगों के हित को देखते हुए एफ आरए व नोतोड़ के तहत लोगों को भूमि देने की प्रक्रिया को शुरू करने हेतू प्रयासरत है और अधिकारियों को जनहित मे जल्द से जल्द एफ आरए व नोतोड़ के तहत भूमि प्रदान करने के आदेश भी दिए है जिसकी शुरूआत जल्द होगी।

इस दौरान महिला कांग्रेस की जिला महासचिव ललिता पंचारस, महिला कांग्रेस कल्पा ब्लॉक अध्यक्षा बिमला आजान, महासचिव महिला कांग्रेस कल्पा ब्लॉक शारदा नेगी भी मौके पर मौजूद रहे है।



# पावर वीडर, पावर टिलर, ब्रश कटर, थ्रेशर, चैफकटर पर 50: सब्सिडी का प्रावधान

**खेमचंद शास्त्री**

**सरकाघाट :** हिमाचल प्रदेश फ सल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना जाइका के सौजन्य से सरकाघाट उपमंडल के बग्गी गांव में आज ऑब्जेक्टिव एंड नौम्स कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कृषि अधिकारी निवेश ठाकुर द्वारा फ सल विविधिकरण के अंतर्गत नकदी फ सलों को उगाने, फ सल चक्र बदलने और जाइका परियोजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली सुविधाएं में कूल्हों का निर्माण, वाटर स्टोरेज टैंक, माइक्रो इरीगेशन सिस्टम बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया की जाइका परियोजना के अंतर्गत यह द्वितीय चरण 2021 से 2029 तक चल रहा है जिसके अंतर्गत किसानों की आजीविका को स्तरोन्नत करने हेतु एक हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। कृषि अधिकारी निवेश ठाकुर जी ने बताया की फार्म मेकेनाइजेशन के अंतर्गत पावर वीडर, पावर टिलर, ब्रश कटर, थ्रेशर, चैफकटर पर 50: सब्सिडी का प्रावधान प्रोजेक्ट द्वारा दिया जाएगा। बताया कि कुहल के तहत 19.92 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। कैम्प में लगभग 40-45 लोगों ने भाग लिया।



# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर छोटा शिमला स्कूल में आयोजित किया विशेष कार्यक्रम

**चमन शर्मा**

**शिमला: सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला प्रशासन शिमला और मानव कल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान से अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ हर वर्ष



26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी भी नशे की चपेट में फंसती जा रही है। हमारे आसपास बहुत से ऐसे युवा है जो नशे की आगोश में चले गए है। नशा समाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गया है, जिसमें फंस कर युवा अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। आज शिक्षा में होनहार विद्यार्थी भी नशे की चपेट में आ चुके है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे युवाओं से हमेशा दूरी रखें जो नशे की गिरफ्त में आ चुके है। उन्होंने बच्चों से अपने आप को रचनात्मक कार्यों में लगाए रखने का आग्रह किया तथा खेलों के प्रति अपनी रुचि विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि नशे से बचने के लिए स्वयं को हमेशा नशे के खिलाफ रहने के लिए प्रेरित करते रहें। उन्होंने कहा कि युवा अपने बेहतर करियर के लिए संजीदा रूप से मेहनत करें। जिला कल्याण अधिकारी केवल राम चौहान ने मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला की प्रधानाचार्य सुमन पटियाल ने स्वागत भाषण दिया। मानव कल्याण सेवा समिति के क्षेत्रीय संयोजक दीपक सुंदरियाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के हर व्यक्ति को नशे के खिलाफ अग्रणी भूमिका निभानी होगी। माता.पिता बच्चों के दोस्त बनकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉण अनुज ने नशे के लक्षण और दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। नशे को छोड़ चुके साहिल डोगरा ने बच्चों के साथ अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि लगातार दस वर्षों तक नशे के आदि होने के कारण उन्होंने अपना करियर और जिंदगी पूरी तरह बर्बाद कर ली।

# एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा किए कार्य की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने दी जानकारी

**हामिद**

**चंबा: भारतीय** स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू चंबा ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षु प्रशिक्षण कार्यक्रम ओर ज्वेलरी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर ग्राम पंचायत भवन करिया में आयोजित किये गए। इन प्रशिक्षण शिविर मे संबोधित करते हुए जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरित पुरी ने एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है। उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी



शारीरिक जांच करवानी चाहिए उन्होंने बताया कि सभी व्यक्ति को स्वेच्छापूर्वक रुप से अपनी एचआईवी की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाडी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं जिस की जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने बताया कि एचआईवी के प्रति किसी भी जानकारी के लिए एड्स कंट्रोल सोसायटी भारत सरकार द्वारा जारी 1097 टोल फ्री नंबर पर किसी भी समय कॉल करके एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी हासिल कर सकता है।

## अभयपुर में 28 को मनाई जाएगी कबीर जयंती

**राजन पुरी**

**ऊना:** कबीर सामुदायिक भवन अभयपुर में सद्वगुरु कबीर साहिव की 627वीं जयंती 28 जून को बड़ी धूमधाम से मनाई जायगी। कबीर पंथी समाज सुधार सभा गगरेट ब्लॉक के प्रधान शाम लाल ने बताया कि इस दिन विधिवत रूप से सुबह झंडा रस्म अदा की जाएगी तथा मूर्ति अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 13 वर्षों से मनाए जा रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में सभा के राज्य अध्यक्ष भाग सिंह व महासचिव देव राज शांडील विशेष रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में महंत करुणा कर्ण साहिब बैजनाथ वाले कबीर साहिव की अमृतवाणी का गुणगान करेंगे।

# जेएनवी कोटीपुरा में दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**समारोह**

▶▶ **जिला बिलासपुर में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 187 का समापन समारोह हुआ**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** 1 एचपी नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर की ओर से जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा, जिला बिलासपुर में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 187 का समापन समारोह हुआ। समापन समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा के उपप्रधानाचार्य राकेश कटोच ने



शिरकत की। उन्होंने दस दिवसीय कैंप के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे कैडेट्स को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन, एक धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्श विकसित करना है। एनसीपी यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर डा. देबाशीष गुहा ने भी कैडेट्स को संबोधित किया और कहा कि ऐसे शिविर युवा कैडेटों को रेजिमेंटल जीवन शैली में मदद करते हैं जो उनमें अनुशासन, कर्तव्य, समय की पाबंदी, सुव्यवस्था, चतुराई, अधिकारियों के प्रति सम्मान, सही कार्य लोकाचार और स्वयं के मूल्यों को विकसित करने के लिए आवश्यक है। इस कैंप में कैडेट्स को ड्रिल, डिजास्टर मैनेजमेंट, फ र्स्ट एड, हैल्थ व हाइजीन, लीडरशिप स्किल्स, सोशल सर्विस एक्टिविटीज इत्यादि की जानकारी के साथ ही पुलिस और आर्म्ड फोर्स में भर्ती की जानकारी और साइबर सिक्योरिटी से भी अवगत किया गया। शिविर के समापन अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### योगदान एक पहल संस्था ने वाटरकूलर किया भेंट

**राजन पुरी**



**ऊना:** योगदान एक पहल संस्था ने राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला कोटला कलां लोअर में बुधवार को बच्चों के लिए को वाटरकूलर प्रदान किया है। यह वाटर कूलर चिंतपूर्णी के गांव स्वाणा निवासी राम कृष्ण व आशा रानी ने अपने माता-पिता की याद में स्कूल को दिया है। यहां वाटरकूलर स्थापित होने से स्कूल के बच्चों को ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। संस्था के चेयरमैन मदन पुरी व अध्यक्ष सुमन पुरी ने बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढकर हिस्सा लिया जा रहा है। विभिन्न स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को शूज व पाठन सामग्री भी प्रदान की जा चुकी है। इस कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष मीणा शर्मा, मयंक शर्मा, मनदीप सिंह, रोहित चंदेल, आस्था पुरी, डा. मोनिका शर्मा, केन्द्र मुख्य शिक्षका सुखवर्षा, शिक्षकों में रीना देवी, दर्शना देवी, मल्टी टास्क वर्कर सरोज वाला के अलावा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### एकल नारी शक्ति संगठन ने कार्यो को लेकर की चर्चा

**राजन पुरी**




**ऊना: एकल** नारी शक्ति संगठन ब्लॉक गगरेट की त्रैमासिक बैठक बुधवार को चलेट पंचायत के मोहल्ला पुखरू में हुआ। बैठक में ब्लॉक की लगभग 30 महिलाओं ने हिस्सा लिया। बैठक में पीछले तीन माह में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ आगामी तीन माह में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। इसके अलावा बैठक में पैंशन सहित अन्य सरकारी स्कीमों की जानकारी दी गई। वहीं एकल महिलाओं की होने वाली सुनवाई पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कांगड़ा ब्लॉक समन्वयक राधा रघवाल, समन्वयक गगरेट सोनिका, वार्ड पंच सुभद्रा देवी, सोना देवी, निर्मला देवी, शुक्ला देवी, बेबी व परमला आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

### दिल्ली में पूर्व मंत्री कंवर ने ओम बिड़ला से मिलकर अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**राजन पुरी**



**ऊना:** राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरकार में रहे मंत्री वीरेंद्र कंवर ने दिल्ली में मोदी पार्ट 3 में लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर ओम बिड़ला को उनके चैंबर में जाकर बधाई दी। कंवर ने कहा कि पूर्व हिमाचल में जयराम सरकार में जब मैं मंत्री था, तो कई बार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मिलकर उनसे कई प्रकार की जानकारियां हासिल की। ओम बिड़ला एक मिलन सार और ऊर्जावान के धनी हैं। उनके मार्ग दर्शन एवं अनुभव से मोदी सरकार पार्ट थ्री एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। कंवर ने कहा कि मोदी सरकार पार्ट टू में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की दूरगामी सोच से कई बड़ी योजनाओं को मंजूरी मिली थी। जो आज देश की जनता के लिए कारगर साबित हो रही है। फिर चाहे तीन तलाक हो। या फिर कश्मीर मुद्दा। कंवर ने कहा कि मोदी सरकार पार्ट थ्री में लगातार दूसरी बार ओम बिड़ला के लोकसभा अध्यक्ष बनने से मोदी सरकार नई ऊर्जा के साथ एक अनुभवी अध्यक्ष के साथ कार्य करेगी।

# अंधभक्ति को नहीं दिख रही बिगड़ती कानून व्यवस्था: सुखराम

**चमन शर्मा**

**शिमला: भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा की कांग्रेस नेताओ, सरकार के अंध भक्तों को हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था नहीं दिख रही है। चंबा हत्या कांड के जिस सरकार का श्री गणेश हुआ था, उस सरकार का बिलासपुर गोली कांड के साथ गिरना तय है, बिलासपुर गोलीकांड के मास्टरमाइंड पुरंजन की पुलिस तलाश कर रही है। 20 जून को बिलासपुर जिला कोर्ट के बाहर दिन दिहाड़े एक युवक पर गोलियां चलाई गई। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो गोलीकांड का मास्टरमाइंड पुलिस जांच के अनुसार पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का बड़ा बेटा पुरंजन ठाकुर निकला। पर अभी तक ना तो पूर्व विधान बंबर पर ना अभी तक एक्शन हुआ और ना ही उनका बेटा मिल पाया, यह साफ दिखता है कि कहीं ना कहीं इस पूरे केस में सरकार का संरक्षण है मुजरिमों को प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा की शिमला के चौपाल के बाद अब मंडी जिले के जोगिंद्रनगर क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल की चार छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में छात्रा की पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, बहुचर्चित हेड कांस्टेबल जसवीर सैनी के मामले के बाद से सिरमौर पुलिस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है अब चोरी के एक मामले में



**सरकार को घेरा**

▶▶ **चंबा हत्या कांड के जिस सरकार का श्री गणेश हुआ था, उस सरकार का बिलासपुर गोली कांड के साथ गिरना तय है**

पीड़ित परिवार सहित ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं चोरी की यह घटना पुलिस थाना सदर नाहन के अंतर्गत करीब 9 महीने पहले बनकलां पंचायत के शंभूवाला गांव में सामने आई थी। इस मामले में पीड़ित परिवार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जिला मुख्यालय नाहन में पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। यह सभी वारदाते साफ दिखता है की हिमाचल की कानून व्यवस्था हवा हवाई हो गई है और सरकार चिंता मुख्य प्रदेश के देहरा विधानसभा क्षेत्र में वोट मांग रही है।

उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार में कोई नियम नहीं, कोई आधार नहीं, कोई जन सेवा की भावना, कोई विकास की नीति नहीं है। इस सरकार में केवल मौज मस्ती का आलम है।

## 28 से 30 तक बंद रहेगी ऊना की दुकानें

**राजन पुरी**

**ऊना: व्यापार** मंडल ऊना ने सभी व्यापारियों से विचार विमर्श करके 28 से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहने का एलान किया है। यह जानकारी बुधवार को व्यापार मंडल ऊना के प्रधान प्रिंस राजपूत व महासचिव राजेश पुरी उर्फ रघु ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि सभी की सहमति से गर्मियों के चलते जून माह के अंतिम सप्ताह में तीन दिन के लिए रेडिमेट, कोस्मेटिक, होजरी, शू स्टोर, कपड़े, मनियारी व बिजली वाले व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि पहली जुलाई से पहले की भांति ही सभी दुकानें खुलेगी रहेगी।

# मंडी जिला को विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाना लक्ष्य : पाल वर्मा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: जिला** परिषद मण्डी की त्रैमासिक बैठक जिला परिषद कार्यालय के साभागार में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त मण्डी रोहित राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल से सम्बन्धित नए व पुराने मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला मण्डी के जिला परिषद सदस्यों ने भाग लिया तथा अपने.अपने क्षेत्र से विकास से संबंधित समस्याओं को उठाया। इस दौरान अध्यक्ष ने अधिकारियों से



जनहित के विभिन्न कार्यों को आपसी समन्वय स्थापित कर तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कुछ मदों पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर संबंधित विभाग द्वारा उचित कार्रवाई कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद की आगामी बैठकों में सभी विभागों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक में परिषद के सचिव एवं जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। परिषद की अन्य सदस्यों ने भी बैठक के दौरान

# सुंदरनगर के भलाना में जीप खाई में गिरी, एक की मौत, एक घायल

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** जिला मंडी के सुंदरनगर के भलना में पिकअप जीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में जीप में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया है। बीएसएल थाना के तहत निहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले भलाना गांव में बुधवार सुबह पिकअप जीप अनियंत्रित होकर गहरी ढांक ने गिर गई। इस हादसे जीप में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया है। जो शिमला स्थित आईजीएमसी अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर हादसे के



कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह शिकारी माता मंदिर से वापिस अपने घर सोझा बैहली लौट रहे नंतराम (34) व हेमराज (36) जब भलाना के निकट पहुंचे तो मोड़ काटते हुए उनकी जीप अनियंत्रित हो गई और करीब 200 फ ीट गहरी ढांक में जा गिरी। इस हादसे में नंत राम पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव सोझा तहसील निहरी जिला मंडी की मौका पर ही मौत हो गई। जबकि हेमराज पुत्र धर्म सिंह निवासी गांव सोझा गंभीर रुप से घायल हो गया।

हादसे बारे पता चलते ही स्थानीय लोगों ने मौका पर पहुंचे और दोनों को ढांक से बाहर निकाला। इस दौरान उन्होंने पाया कि नंतराम की मौत हो चुकी है और हेमराज गंभीर रुप से घायल पाया गया। स्थानीय लोगों ने गंभीर हेमराज को उपचार के लिए शिमला जिला के सुन्नी स्थित नागरिक अस्पताल मे पहुंचाया जहां पर प्राथमिकी उपचार के बाद उसे शिमला आईजीएमसी के लिए रेफर कर दिया गया है।

# बीडीओं ने शॉप का किया निरीक्षण, जांची व्यवस्था

## हिम ईरा शॉप थानाकलां को बनाया जाएगा मॉडल हिमईरा शॉप: सुभाष अत्री

**राजन पुरी**

**ऊना: विकास** खंड बंगाणा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित किए गए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वालंबन की राह दिखाने सार्थक साबित होते नजर आ रहे हैं। कई समूहों की महिलाएं सफल रोजगार कर न सिर्फ अपनी आय बड़ा रही है, बल्कि घर का सहारा भी बनी हुई है। ग्राम पंचायत थानाकलां में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनी यह हिम ईरा शॉप स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए अपने हस्त



निर्मित उतापादों को बेचने के लिए एक स्थाई स्थान मिला है।विकास खंड बंगाणा में राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत खुली हिम ईरा शॉप आस पास की पंचायतों के मध्य नजर रखते हुए बनाई गई है, जिसमें लगभग 10 से 15 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हैं। स्वयं सहायता समूह द्वारा अलग-अलग उत्पादों (आचार, पापड़, सेवियां, सीरा, वाशिंग पाउडर, शहद, बडियां, जूट बैग व बांस की टौकरियां) की हिम ईरा शॉप में प्रदर्शनी लगाई जाती है। इस हिम ईरा शॉप नैशनल हाईवे रोड पर बनने से पर्यटक भी आते जाते रुकते हैं, जिसके चलते स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय भी बढ़ रही है। बुधवार को विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री ने हिम ईरा शॉप का दौरा कर व्यवस्था जांची। उन्होंने कहा कि हिम ईरा शॉप को विकसित किया जाएगा, जिसका कार्य जल्दी शुरू कर दिया जाएगा। हिम ईरा शॉप में नवीनकरण की जरूरत है।

ज्यादा से ज्यादा महिलाओं के जुडने से आजीविका के साधन भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर जेई सचिन शर्मा, कंचन ठाकुर, मुनीष कुमार, प्रधान सरोज देवी, मेला राम, बलवीर कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# इंडस अत्याधुनिक फार्मेसी प्रयोगशाला का हुआ उद्घाटन

**राजन पुरी**

**ऊना: इंडस** इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू में बुधवार को फामेर्सी लैब का उद्घाटन समारोह किया गया। समारोह में संकाय सदस्यों, छात्रों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. संजय कुमार बहल व रजिस्ट्रार डॉ. जगदेव सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। कुलपति डॉ.बहल ने कहा कि इन उन्नत प्रयोगशालाओं के उद्घाटन न केवल हमारी शैक्षिक पेशकशों को बढ़ाएंगे, बल्कि हमारे छात्रों को फार्मास्युटिकल विज्ञान में अग्रणी



बनने के लिए सशक्त भी बनाएंगे। फामेर्सी विद्यालय के डीन डॉ आर रामजयम ने कहा हमारी नई प्रयोगशालाएं हमारी अनुसंधान क्षमताओं में निखार लाएगी। इस अवसर पर फामेर्सी विभाग के प्रमुख ऋषभ भनोट ने कहा कि प्रयोगशालाएं छात्रों के लिए इंटर्नशिप, अनुसंधान परियोजनाओं और व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करती है। कार्यक्रम में फामेर्सी अंतिम वर्ष के छात्र अभिषेक ने कहा प्रयोगशालाएं वास्तव में प्रेरणादायक हैं।

न्यूज फ्लैश

## जनसंवाद में आई मांगों व शिकायतों पर अभियंता दें त्वज्जो : अभिषेक




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को नगर निगम के सभागार में आयोजित हुई अभियांत्रिकी शाखा की एक समीक्षा बैठक में निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्ड से सम्बंधित जन संवाद पोर्टल पर आई मांगों व शिकायतों पर त्वज्जो लेकर कार्य करें। उन्होंने इन कार्यों की रूटिन के कार्यों से अलग सूची बनाने और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत ऑवर ड्यू नहीं होनी चाहिएं। उन्होंने अभियंताओं से कहा कि जन संवाद पोर्टल पर आई मांगों पर निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को भी निर्देश दिए कि वह स्वयं भी इन कार्यों की निगरानी रखें और कनिष्ठ अभियंताओं के साथ साप्ताहिक बैठक करें। समीक्षा बैठक में उन्होंने शहर में चल रहे विकास कार्यों को भी तय समय सीमा में पूरा करवाने के निर्देश सम्बंधित कार्यकारी अभियंताओं को दिए। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ अभियंता ज्यादा समय फील्ड में लगाएं। जो विकास कार्य 70 से 80 प्रतिशत तक हो गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द मुकम्मल करवाया जाए, ताकि नागरिकों को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यकारी अभियंता सम्बंधित वार्डों के बागवानी कार्यों को भी देखेंगे।

मानसून नजदीक, तैयारी रखें पूरी- निगमायुक्त ने बैठक में सभी अभियंताओं को निर्देश दिए कि मानसून नजदीक है, सभी अभियंता पूरी तैयारी करके रखें। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्ड में सभी छोटे-बड़े नालों की एक बार पुनः जांच कर लें, कोई भी नाला बिना साफ-सफाई के नहीं रहना चाहिए। कहीं पर भी ब्लोकेज की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि बारिश के समय शहर में जल भराव नहीं होना चाहिए। विकास कार्यों की निगरानी में न मिले खामी- निगमायुक्त ने सभी अभियंताओं को स्पष्ट किया कि संयुक्त आयुक्त द्वारा विकास कार्यों की की जा रही निगरानी में निर्माण सामग्री व गुणवत्ता को लेकर कोई खामी नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे में खामी सामने आती है तो सम्बंधित कनिष्ठ अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## 10 किलोमीटर साइकिल चलाकर दिया नशे से दूर रहने का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के कुशल नेतृत्व में चलाए गए नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतिम दिन आज अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जिला पुलिस द्वारा साईकलोथोन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पुलिस अधीक्षक ने 400 से ज्यादा साइकलिस्टों के साथ मिलकर करीब 10 किलोमीटर साईकिल चलाकर शहरवासियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर लोगों को नशे के विरूद्ध जागरूक करने के लिए इस साईकलोथोन रैली का आयोजन किया गया है।

# प्रीतमपुरा में बनेगा आई.पी.एस. : नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा

### राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में मशीनरी खरीदने का लिया गया निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** अमरूत प्रोजेक्ट के कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए बुधवार को नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में स्टेट लेवल टेक्नीकल कमेटी (एस.एल.टी.सी.) की सब कमेटी की एक बैठक नगर निगम कार्यालय के सभागार में की गई। बैठक में निगम के अधीक्षण अभियंता अरविंद रोबिला, कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा तथा सम्बंधित इंजीनियर, निर्माण एजेंसी और थर्ड पार्टी एजेंसी वेबकॉस के प्रतिनिधि शामिल हुए।



यह हुआ निर्णय- राज्य स्तरीय तकनीकी समिति-उप समिति की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि प्रीतमपुरा क्षेत्र के सीवरेज पानी के निर्वहन के लिए यहां एक इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग से एन.ओ.सी. ले ली गई है। बैठक में आई.पी.एस. के लिए पम्प, डी.जी. सेट तथा पैनल इत्यादि मशीनरी खरीदने के लिए नगर निगम आयुक्त द्वारा अनुमोदित किया गया। इसमें अलग-अलग अश्व शक्ति की मोटरें लगाई जाएंगी। इसके निर्माण के बाद आई.पी.एस. को फूसगढ़ स्थित 20 एम.एल.डी. सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को जाने वाली लाईन के मेन होल से जोड़ दिया जाएगा। इससे प्रीतमपुरा क्षेत्र में सीवरेज पानी की पर्याप्त निकासी हो सकेगी।

स्टोरम वाटर के 2 आई.पी.एस. चालू- बैठक के माध्यम से निगमायुक्त ने बताया कि अमरूत स्कीम के हैरीटेज व मीरा घाटी स्थित स्टोरम वाटर के इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन चालू हैं। उन्होंने शेष दो, हकीकत नगर व सैदपुरा आई.पी.एस. को आगामी 15 दिनों में कार्य पूरा की एजेंसी को अंतिम तारिख दी। शिव कॉलोनी 8 एमएलडी एस.टी.पी. जल्द करें पूरा- बैठक में उन्होंने शिव कॉलोनी स्थित 8 एम.एल.डी. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को निर्देश दिए कि इसे आगामी 31 अगस्त तक पूरा कर कार्यात्मक करके दें। उन्होंने बताया कि इसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष मकेनिकल वर्क यानि यांत्रिक कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## नशीली दवाओं के प्रयोग पर रोकथाम के लिए निकाली रैली




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। रेडक्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उक्त दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन करनाल और रेड क्रॉस द्वारा कर्ण पार्क में आए लोगों को नशीली दवाओं के प्रयोग के कारण उनका दुष्प्रभाव हमारे परिवार और समाज पर आर्थिक व शारीरिक रूप से प्रभाव डालता है। इसी कड़ी में आज इन नशीली दवाओं के प्रयोग पर रोकथाम लगाने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर नशीली दवाओं तथा अवैध तस्करी पर रोकथाम लगाने को लेकर भी एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मानव जीवन को भविष्य में भी कैसे बचाया जा सके।

## समाधान शिविरों में हुआ 20 शिकायतों का निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 20 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। अधिकारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक लोगों की शिकायतें सुन उनका उचित समाधान किया। करनाल में आयोजित शिविर में छह मामले निपटाये गए। सार्थक ग्रोवर ने जुमार्ना अदा करने पर भी संबंधित अथॉरिटी द्वारा ड्राइविंग लाईसेंस न लौटाने की शिकायत की थी। उनकी शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अल्फासिटी निवासी रींपी की नई प्रॉपर्टी आईडी में नाम व पता दर्ज करने, घरौंडा के देवव्रत और करनाल के पवन कुमार की आय संशोधन संबंधी शिकायत का भी निपटारा किया गया।

## नशे के कारण सेहत पर पड़ता है बुरा असरः डा. मनन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार के निदेर्शानुसार एवं उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी कपूर के मार्गदर्शन में बुधवार को गांधी फामेर्सी कॉलेज में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में एक कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नागरिक अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. मनन द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई शराब, तम्बाकु, गुटखा, सिगरेट की लत एवं नशीले मादक द्रव्यों, पदार्थों के दुष्परिणामों से समाज को अवगत कराना है। ताकि मादक द्रव्य एवं




मादक पदार्थों से समाज में बढ़ती हुई मद्यपान, तम्बाकू, गुटखा, सिगरेट की लत एवं नशीले मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए उचित वातावरण एवं चेतना का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि लत यानि एडिक्शन एक मानसिक बीमारी है। जो एक ही पदार्थ के ज्यादा प्रयोग करने से होती है। व्यक्ति जानता है कि इसका स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फिर भी वह इसका प्रयोग करता है। नशे से संबंधित सही जानकारी शेयर कर जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ड्रग लेने से न केवल धन की हानि होती है, बल्कि कई बीमारियां घर कर जाती है। इससे मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है और साथ ही यह भी बताया कि नशा छुड़वाने के लिए जिला नागरिक अस्पताल में इलाज करवाएं। उन्होंने बताया कि कैंप में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए बच्चों को पुरूस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त एक रैली का भी आयोजन किया गया। इस कैंप में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को आईसी, स्टेशनरी व अल्पाहार वितरित किए गए।

## समाधान शिविर में अब तक 1104 शिकायतें पहुंची, 324 का मौके पर ही समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण किया जा रहा है ताकि लोगो को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित हुए समाधान शिविर में 78 नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जिनकी सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने 21 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और बाकी 57 शिकायतों समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को बुलाकर उनका समाधान करने के लिए दिशा-



निर्देश दिए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में 10 जून से अब तक कुल 1104 शिकायतें आई हैं, जिनमें से 324 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा चुका है और 780 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। समाधान शिविर में अब तक रखी गई ज्यादातर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है व जो लंबित हैं उनका भी समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। बुधवार को समाधान शिविर में आई अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित थी। उन्होंने बताया कि लोगों को अपनी शिकायतों का निवारण करवाने के लिए समाधान शिविर के रूप में बेहतर मंच मिला हैं जहां सभी अधिकारी एक छत के निचे बैठकर लोगों की शिकायतों का निवारण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच प्राप्त हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने बताया कि सभी एसडीएम भी अपने कार्यालय में सुबह 09 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें सुनते हैं। समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे गांव राठधना निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसके वोट कार्ड में जन्म तिथि गलत हो गई थी, जिसको लेकर आज उन्होंने उपायुक्त के समक्ष जन्म तिथि सही करवाने के लिए अपनी शिकायत रखी, जिसपर उपायुक्त ने मौके पर ही समाधान करवाया।

## अब नैशनल हाइवे पर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी दो एम्बुलेंसः राजेश सैनी





**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** अब राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (एनएचएआई) पर दो एम्बुलेंस की 24 घंटे सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इन सुविधाओं का फायदा उठाने के लिए टोल फ्री नम्बर 1033 पर डायल करना होगा। इन दोनों एम्बुलेंस की सेवाएं घरौंडा के गांव कोहण्ड से लेकर मधुबन पुलिस अकादमी के बीच होने वाली सडक दुर्घटनाओं के घायलों को मिल पाएगी। अहम पहलू है कि एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी के प्रयासों से एनएचएआई पर एम्बुलेंस की सेवाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। हुआ यूं कि दो दिन पहले एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी करनाल उपायुक्त कार्यालय से वापिस घरौंडा जा रहे थे, तभी घरौंडा के पास एनएचएआई 44 पर एक सडक दुर्घटना घटित हुई। इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एसडीएम राजेश सोनी ने स्वयं एम्बुलेंस को बुलाया और घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। इस घटना के बाद एसडीएम राजेश सोनी ने घरौंडा क्षेत्र में एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने की योजना बनाई और एनएचएआई के अधिकारियों को दो एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर प्रशासन समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है।

## एसडीएम ने 21 लोगों की सुनी समस्याएं, मौके पर ही किया निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम संजीव कुमार ने आज समाधान शिविर में 21 लोगों की शिकायतें सुनी इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज कर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए।



सरकार के निदेर्शानुसार चल रहे समाधान शिविर में अब हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक उप मंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी।

## नशे के विरुद्ध कैंडल मार्च निकाल किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो, थाना केयूके, लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल स्वास्थ्य विभाग और प्रयास संस्था द्वारा ब्रह्मसरोवर पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व 25/26 की रात को कैंडल मार्च निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं




पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा और प्रयास सदस्य कर्म चंद ने पीपली से ब्रह्म सरोवर, रेलवे स्टेशन, मोहन नगर और शहर में साइकिल यात्रा निकाल कर भी लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। स्वास्थ्य विभाग से डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. संदीप अग्रवाल की अध्यक्षता में काउंसलर बलविंद्र चौधरी और निशा ने भाग लिया।

मानसिक स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सुरेंद्र मंढ़ाण की अध्यक्षता में करण सिंह, अनिल कुमार और बलवान सिंह ने सहभागिता की। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने ब्रह्मसरोवर पर लोगों को एकत्रित कर नशे के दुगुर्णों से परिचित कराते हुए कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे नशा न करें लेकिन कुछ लोग स्वयं नशा करते हैं तो वे अपने बच्चों को कैसे कह पाएंगे।

## कुंभकरण नींद में सोया निगम प्रशासनः सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि नगर निगम प्रशासन कुंभकरणी नींद सोया हुआ है, शहर में चारों तरफ हाहाकार मची हुई हैं। बीते दो दिन पहले आधे घंटे की बारिश ने नगर निगम के दावों की कलई खोल कर रख दी है। जहां प्रशासन पानी निकासी के पुख्ता दावे कर रहा था लेकिन आधे घंटे की बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। प्रशासन व सरकार के झूठे वादों से आम जनता इतनी परेशान हो चुकी है कि वह सड़क पर उतरने को मजबूर है। शहर के सभी वार्डों के लंबित कार्यों को सिरे नहीं चढ़ाया गया व पानी निकासी की व्यवस्था को पुख्ता नहीं किया गया तो सभी पार्षदों व शहरवासियो के साथ सख्त कदम उठाने में पीछे नहीं हटेंगे। विधायक सुरेंद्र पवार कांग्रेस भवन



सोनीपत में सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व पार्षदों के साथ पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नगर निगम आज हर समस्या के समाधान में विफल साबित हो रहा है, चाहे सीवरेज व्यवस्था की बात हो, पेयजल व्यवस्था की बात हो, सड़कों की हालत हो, गलियों की दशा हो, हर जगह शहर वासी परेशान परेशानी झेल रहे हैं। जब अधिकारियों को समस्याओं के बारे में बताया जाता है तो वह एक दूजे पर काम डाल देते हैं, कई बड़े प्रोजेक्ट भी अधर में लटके हुए हैं। विधायक सुरेंद्र पवार ने हाउस की मीटिंग पर बोलते हुए कहा कि करीब चार साल में सिर्फ चार मीटिंग मुश्किल से हुई है, मीटिंग की तिथि फिक्स कर दी जाती है लेकिन मौके पर उसको कैंसिल कर दिया जाता है। यदि सदन की बैठक नहीं होगी तो किस तरह शहर के विकास कार्यों पर चर्चा होगी व उन्हें पूरा करवाया जाएगा। अभी तक हाउस की जितनी भी मीटिंग हुई है उनमें जो प्रस्ताव पास हुए हैं वह भी अधिकांश आधार में लटके हुए हैं। लेकिन उसमें भी किसी अधिकारी की कोई जवाबदेही तय नहीं है। मगर निगम पूर्ण रूप से फेल होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि लाइन पार एरिया में पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए ककरोई नहर से पेयजल लाइन बिछाई जा रही है वह भी कार्य आज तक पूरा नहीं हुआ, जिसकी वजह से शहरवासी परेशानी झेल रहे हैं। नगर निगम को बने 10 साल हो चुके हैं लेकिन अभी तक सरकार ने बजट का कोई प्रावधान नहीं किया है। नगर निगम में शामिल 13 गाँवों को टेक्स फ्री कहकर शामिल किया गया था, लेकिन आज उन गांव में भी टैक्स के नोटिस भेजे जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में जो पैसे थे उस पैसे का भी कोई पता नहीं है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि उन्होंने बार-बार विधानसभा में नगर निगम में शहर के विकास कार्यों के लिए एक विशेष पैकेज देने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने एक रुपया भी नगर निगम को अपने खाते से नहीं दिया।

## अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक अभियान का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**खरखौदाः मॉडर्न** एजुकेशन सोसायटी खरखौदा के द्वारा समाज कल्याण अधिकारी सोनीपत के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुनीता दहिया ने की । सुनीता दहिया जी ने बताया कि आज पूरी दुनिया मे अंर्तराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना हैं। व नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना हैं। उन्होंने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान अगस्त 2020



आरम्भ किया गया था । जिसके अंतर्गत ,महिलाओं , बच्चों ,शेक्षणिक संस्थाओं,नागरिक समाज संगठन, जैसे हितधारकों की भगिदारी पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग की जाँच करने की ही नही बल्कि इससे पीड़ितों के पुनर्वास के लिए एक सम्पूर्ण दृष्टिकोण को अपनाने की सोच आवश्यक है उन्हें सामाजिक रूप से अलग थलग करने की बजाय हमे उनके प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए।

## संपादकीय

# भाग्य को जिजीविषा से सफल बनायें

**मनुष्य** को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानव अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 'इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी' कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

# आप माननीय हैं ! संसद की गरिमा का ख्याल रखें



प्रभुनाथ शुक्ल

> "भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया"

**आप** माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूश कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं बरिष्ठ माननीयों को छोड़ । शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजई हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद की जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच निकझोंक हुईं। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और व्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसदों ने जमकर धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रचुर विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया। क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशलमीडिया पर टिप्पणियां की जा रही है। जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है। शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचें शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। सांसदों ने जय श्रीराम, राधे-राधे, जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना जय महाराष्ट्र, जय शिवाजी जैसे अनगिनत नारे भी बुलंद किए। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायि था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई बरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाय तो अधिकांश माननीयों ने शपथ के दौरान संसद और लोकतंत्र की के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश की मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए। जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता। शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिए। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए। क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता -विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का इजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मयार्दा के खिलाफ है।



## कविता

### आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूं ,
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूं।

पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूं।

हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,
मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूं।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूं।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वहीं से खत्म ।
तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।

संजीव
---------

## कल्पनाओं को साकार करती कृत्रिम बुद्धिमत्ता

डॉ. सत्यवान सौरभ

**एआई** के अनुप्रयोग का दायरा बढ़ता जा रहा है और ये अधिक विशाल होता जा रहा है, ये ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने से लेकर परिवहन के ऐसे रूपों में भी योगदान दे रहे हैं, जिससे समाज का भला हो।स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, एआई ने मेडिकल इमेजिंग को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वित्तीय उद्योग में, एआई वित्तीय धोखाधड़ी का पता लगाने और जोखिम प्रबंधन में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल कर रहा है। उदाहरण के लिए, बैंक और वित्तीय संस्थान वास्तविक समय में विशाल लेनदेन डेटा का विश्लेषण करने, धोखाधड़ी से जुड़ी गतिविधियों का पता लगाने और वित्तीय नुकसान को रोकने के लिए फीडजई जैसे एआई एल्गोरिदम का उपयोग कर रहे हैं। एआई-संचालित रोबो-सलाहकार, जैसे वेल्थफ्रंट और बेटरमेंट, ग्राहकों की जोखिम सहनशीलता के आधार पर व्यक्तिगत निवेश, वित्तीय लक्ष्यों और बाजार की स्थितियों के आधार पर वित्तीय रणनीतियों में मदद करते हैं, जिससे धन प्रबंधन अधिक सुलभ और कुशल हो जाता है। शिक्षा क्षेत्र में, डुओलिंगो जैसे एआई-संचालित प्लेटफार्मों ने व्यक्तिगत ट्यूशन, अनुकूली शिक्षण पथ और रियल टाइम प्रतिक्रिया के माध्यम से भाषा सीखने में क्रांति ला दी है। कॉग्नि जैसे एआई-आधारित प्लेटफार्मों का उपयोग करने वाले छात्र स्वचालित ग्रेडिंग सिस्टम से लाभान्वित होते हैं साथ ही ये अपने निबंधों का मूल्यांकन करते हैं और रचनात्मक प्रतिक्रिया प्रदान करते हैं।

इसके अतिरिक्त ये सीखने के अनुभव को बढ़ाते हैं और शिक्षकों पर बोझ को कम करते हैं। इसके अलावा, स्मार्टी पिन और खान अकादमी जैसे एआई-सक्षम शैक्षिक उपकरण जटिल अवधारणाओं की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए, गेमिफिकेशन और इंटरैक्टिव सामग्री के माध्यम से छात्रों को संलग्न करते हैं। हालाँकि, एआई का नकारात्मक प्रभाव मुंबई की घटना जैसे उदाहरणों में भी स्पष्ट है, जहां एआई वॉयस मॉड्यूलेशन का दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए शोषण किया गया था, जिससे एक नकली अपहरण परिदृश्य तैयार हुआ। ऐसी घटनाएं एआई के दुरुपयोग को रोकने और व्यक्तियों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए सख्त नियमों की आवश्यकता पर जोर देती हैं। इस प्रकार, एआई का महत्व जटिल चुनौतियों का समाधान करने और नए अवसर पैदा करने की क्षमता में निहित है, ऐसे में देखा जाए तो हम प्रौद्योगिकी के साथ कैसे तालमेल बिठाते हैं और अपने व्यवसाय को कैसे संचालित करते हैं, इसे भी परिभाषित करने की आवश्यकता है। एआई की परिवर्तनकारी शक्ति उद्योगों तक फैली हुई है, जिससे हमारा जीवन अधिक कुशल, सुविधाजनक और जानकारीपूर्ण हो गया है। हालाँकि, अक का नकारात्मक उपयोग भी स्पष्ट है, जैसा कि मुंबई की घटना में देखा गया जहाँ नकली अपहरण परिदृश्य बनाने के लिए वॉयस मॉड्यूलेशन का फायदा उठाया गया था।

## विचार

# क्या कोई दूसरा सैम मानेकशॉ होगा?

आर.के. सिन्हा

फील्ड मार्शल सैम होर्मसजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ अपने जीवनकाल में ही एक किवदंती बन गए थे। जब भी सैम मानेकशॉ का नाम आता है, तो 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध याद आता है। उस युद्ध में वह भारतीय सेना का नेतृत्व कर रहे थे। सैम मानकशॉ 1969 में भारत के सेनाध्यक्ष बने और उनके शानदार करियर का चरम 1971 में पाकिस्तान के साथ जंग में शानदार जीत था। उस युद्ध के बाद ही पूर्वी पाकिस्तान बना बांग्लादेश। सैम मानेकशॉ ने 1971 में भारत की सैन्य जीत की जमीन तैयार की। कहते हैं, वह भारत की हजारों सालों में पहली किसी युद्ध में जीत थी। उसने दुनिया के नक्शे की तस्वीर बदल दी। भारत के सामने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। सैंम मानेकशॉ ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के युद्धबंदियों के साथ जेनेवा कन्वेंशन के तहत शालीन व्यवहार किया जाये। उन पाकिस्तानी युद्धबंदियों को भारत में ईद मनाने की भी छूट मिली। उन्हें कुरआन की एक प्रति दी गई जब वे वापस अपने देश में गए। अब एहसान फरामोश पाकिस्तान की करतूत जान लें। कैप्टन सौरभ कालिया करगिल जंग के पहले शहीद थे। जिनके बलिदान से करगिल युद्ध की शुरूआती इबारत लिखी गई। महज 22 साल की उम्र में 22 दिनों तक दुश्मन उन्हें बेहिसाब दर्द देता रहा। पाकिस्तानियों ने सौरभ कालिया के साथ अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए उनकी आंखें तक निकाल ली और उन्हें गोली मार दी थीं। दिसंबर 1998 में आईएमए से ट्रेनिंग के बाद फरवरी 1999 में उनकी पहली पोस्टिंग करगिल में 4 जाट रेजीमेंट में हुई थी। जब मौत की खबर आई तो बमुश्किल चार महीने ही तो हुए थे सेना ज्वाइन किए। 14 मई को कैप्टन सौरभ कालिया अपने पांच जवानों के साथ बजरंग चोटी पर पहुंचे थे। उसके बाद पाकिस्तान ने उन्हें बंदी बना लिया और 22 दिन बाद उनका शव सौंपा। सौरभ कालिया के साथ जो हुआ उससे सैम मानेकशॉ का भी खून तो खौला होगा। बहरहाल,1971 के युद्ध के बाद, टाइम पत्रिका ने लिखा था कि हिंदू भारत के सैन्य अभियान का नेतृत्व एक पारसी ( सैम मानेकशॉ) ने किया । बांग्लादेश को मुक्त करने वाली सेना की पूर्वी कमान का प्रमुख एक सिख (लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. अरोड़ा) थे, और अभियान की योजना एक यहूदी चीफ ऑफ स्टाफ ( जे.एफ. जैकब) ने बनाई थी। सैम मानेकशॉ समर नीति के गहरे जानकार थे। पर उनकी जुबान भी फिसलती रहती थी,जिसका उन्हें कई बार बहुत नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे 1971 की पाकिस्तान के साथ हुई जंग में विजय का क्रेडिट जाने-अनजाने खुद लेने की फिराक में लगे रहते थे। उन्होंने एक बार तो एक इंटरव्यू में यहां तक दावा कर दिया था कि अगर वे पाकिस्तान सेना के प्रमुख होते तो 1971 की जंग में पाकिस्तान विजयी हो गया होता। उनके इस दावे पर तब भी बहुत बवाल कटा था। जंग सेना के साथ-साथ रा देश ही लड़ता है। इसलिए विजय भी सम्पूर्ण देश की ही होती है। हां, ?णभूमि के वीरों का अपना विशेष महत्व तो होता ही है।1971 के युद्ध में जे.एफ. जैकब की रणनीति के तहत भारतीय सेना को अभूतपूर्व कामयाबी मिली थी। वे भारत में जन्मे यहूदी थे और समर नीति बनाने में महारत रखते थे। पाकिस्तान सेना के रणभूमि में परास्त करने के बाद जनरल जैकब ने पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट नियाजी से अपनी फौज को आत्मसमर्पण का आदेश देने को कहा था। हां, मानेकशॉ कभी-कभी सोच-समझकर नहीं बोलते थे। इससे उन्हें नुकसान भी हुआ। 1971 की जंग के बाद एक महिला पत्रकार ने उनसे पूछाः सर, अगर आप पाकिस्तानी सेना का नेतृत्व कर रहे होते, तो कौन युद्ध जीता होता? मानेकशॉ का जवाब थाः पाकिस्तान युद्ध जीत गया होता!। उनके इस कथन के बाद काफी बवाल भी हुआ था। हालांकि यह बात मजाक में कही गई थी, पर वे अपने जवाब पर अड़े रहे। कहते हैं, उनकी इस टिप्पणी से देश की तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी काफी नाराज हो गईं थीं। स्वतंत्रता के बाद, सैम मानेकशॉ सभी प्रमुख सैन्य अभियानों में शामिल थे। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू और गृह मंत्री सरदार पटेल के निदेर्शों को मानते हुए कश्मीर ऑपरेशन (1947-49) की योजना बनाई। उन्होंने चीन के साथ 1962 के युद्ध में पराजय के बाद पंडित नेहरू से खुलकर कहा था कि हम खराब नेतृत्व के कारण हारे। हमारे जवान तो खूब बहादुरी से लड़े।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कब जीवन का हिस्सा बन जाएगा?

विजय गर्ग

**दुनिया हर** दिन नई तकनीक और जीवनशैली में सुधार के साथ आगे बढ़ रही है। जैसे-जैसे हम लंबे समय तक जीवित रहते हैं और प्रौद्योगिकी तेजी से विकास कर रही है, हम निकट भविष्य में कल्पना कर सकते हैं जब मशीनें हमारी मानवीय क्षमताओं को बढ़ाएंगी, हमें बेहतर जीवन विकल्प चुनने में मदद करेंगी और जीवनशैली का हिस्सा बन जाएंगी। हमारा संवाद और डिजिटल ब्रेडक्रंब हमारे जीवन लक्ष्यों और आकांक्षाओं, दायित्वों और सीमाओं को समझेंगे, और सर्वोत्तम उपलब्ध संसाधनों के अनुसार जीवनशैली का सुझाव देंगे या बनाएंगे। एआई निर्बाध रूप से और स्वचालित रूप से हमें जीवन की विभिन्न घटनाओं के लिए बजट बनाने और बचत करने में मदद करेगा, ताकि हम जीवन के क्षणों का अधिक जीवंत आनंद ले सकें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की स्थिति पर एक प्रमुख नई रिपोर्ट से पता चला है कि दिन-प्रतिदिन की कम से कम 10% गतिविधियों में एआई पहले से ही जीवन का हिस्सा बन रहा है। भाषा निर्माण और आणविक चिकित्सा से लेकर दुष्प्रचार और एल्गोरिथम पूर्वाग्रह तक, एआई ने हमारे जीवन के हर पहलू में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट का तर्क है कि हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां शोधकताओं और सरकारों को एआई द्वारा प्रस्तुत जोखिमों को नियंत्रित करने और इसके लाभों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए सावधानीपूर्वक सोचना और कार्य करना चाहिए। जब अक वास्तविक हो रहा है! पिछले पांच वर्षों में एआई में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। एआई प्रयोगशाला छोड़ रहा है और हमारे जीवन में प्रवेश कर चुका है, जिसका "लोगों, संस्थानों और संस्कृति पर वास्तविक दुनिया पर प्रभाव" पड़ रहा है। किसी भी दिन समाचार पढ़ें और आपको एआई में प्रौद्योगिकी में कुछ नई प्रगति या एआई के कुछ नए उपयोग के बारे में कई कहानियां मिलने की संभावना है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले दशक में एआई हर जगह लोगों के जीवन में तेजी से प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## मप्र मोहन संहिता का अनुकरणीय पाठ

राकेश

**सत्ता** प्रतिष्ठान के खिलाफ लिखने का दायित्व मिला है इसलिए सत्ता प्रतिष्ठान के फैसलों की तारीफ करने के अवसर कम ही मिलते हैं । खासतौर पर जब कि किसी प्रदेश की सत्ता में डबल इंजिन लगे हों। मप्र में आजकल डबल इंजिन की ही सरकार है। और इस सरकार को चला रहे हैं डॉ मोहन यादव, जो पहली बार मुख्यमंत्री बने हैं । उनके सामने 18 साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान द्वारा खींची गयी लोकप्रियता की लम्बी लकीर से आगे जाने की चुनौती भी है ।

लोकसभा चुनाव से फारिग होते ही मप्र की मोहन सरकार ने एक फैसला किया है कि अब प्रदेश सरकार के मंत्रियों के आयकर की राशि नहीं भरेगी, बल्कि मंत्रियों को खुद भरना पड़ेगी। आर्थिक बोझ के कारण दोहरे हो रहे मध्यप्रदेश में ये एक साहसिक कदम है ,हालाँकि इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था की सेहत पर कोई खास फर्क नहीं पडेगा। लेकिन पहल तो पहल होती है और ये पहल अनुकरणीय कही जा सकती है। क्योंकि अभी तक देश की विधानसभाएं हों या संसद सभी के सदस्य सरकार पर बोझ बढ़ाते ही हैं,कम नहीं करते।

जब से मप्र का गठन हुआ है तब से यानी कोई 52 साल से अपने मंत्रियों के आयकर की राशि प्रदेश की सरकार ही भरती आ रही थी । आज से पहले चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की या किसी गठबंधन की सरकार ,किसी ने इस व्यवस्था से छेड़छाड़ करने की जरूरत नहीं समझी ।लेकिन किसी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को ये जरूरत समझा दी। मोहन यादव ने इस फैसले से मिलने वाली वाह-वाही का अंदाजा लगते ही 52 साल बाद ये फैसला कर दिखाया ।अब आप इसे ऐतिहासिक फैसला कह सकते है। अभी मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री और मंत्रियों का इनकम टैक्स सरकार भरती थी। इस पर करोड़ों रुपए का खर्च आता था।

मध्यप्रदश के मुख्यमंत्री हालाँकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोत्र के नहीं हैं। प्रधानमंत्री का गोत्र गरीबो का गोत्र है। उनके पास बहुत ज्यादा सम्पत्ति भी नहीं है। वे चाय बेचते हुए सियासत में शीर्ष तक पहुंचे हैं , किन्तु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आमीर आदमी हैं।

# शिमला में नए आपराधिक कानूनों पर वातार्लाप आयोजित

**चमन शर्मा**

**शिमला:** तीन नए आपराधिक कानूनों, अर्थात भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के कार्यान्वयन से क्या बदलने जा रहा है? इन कानूनों की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और इनका उद्देश्य क्या हासिल करना है? भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत प्रेस इनफ ॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने तीन नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में मीडिया को परिचित कराने के लिए आज, 26 जून, 2024 को शिमला में एक वातार्लाप का आयोजन कियाए जो कुछ ही दिनों में 1 जुलाई, 2024 से लागू होने वाले हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अभिषेक त्रिवेदी थे। कमांडेंट, प्रथम एचपीएपी बटालियन




जुंगा, शिमला, रोहित मालपानीय एचपी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला के लॉ के प्रोफेसर, प्रो. डॉ. गिरजेश शुक्लाय और एचपी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला के लॉ के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. संतोष कुमार शर्मा अन्य विषय-वस्तु विशेषज्ञों ने मीडिया को संबोधित किया। 1 जुलाई,2024 से दर्ज सभी मामलों का निपटारा नए आपराधिक कानूनों के तहत किया जाएगा। मुख्य अतिथि और हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि 1 जुलाई, 2024 से दर्ज सभी मामलों का निपटारा नए आपराधिक कानूनों के तहत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में जाने की तैयारी जोरों पर चल रही है। श्सभी स्तरों पर सभी अधिकारियों का प्रशिक्षण किया जा रहा है और जल्द ही पूरा हो जाएगा। न्यायिक अधिकारी, फ ोरेंसिक अधिकारी, जेल अधिकारी-

**नई व्यवस्था**

**▶▶1 जुलाई,2024 से दर्ज सभी मामलों का निपटारा नए आपराधिक कानूनों के तहत किया जाएगा।**

जो भी आपराधिक न्याय के प्रशासन में शामिल है। उन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है। हमने मास्टर ट्रेनर बनाए हैं और हर पुलिस स्टेशन में मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं। हेड कांस्टेबल और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों को उन्नत स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नए कानूनों में समय की जरूरतों के अनुरूप कई बदलाव किए गए हैं। बदलते समय की जरूरतों के अनुसार कई बदलाव किए गए हैं, यह बताते हुए एडीजीपी ने कहा कि नए कानूनों के तहत तकनीक पर बहुत बल दिया गया है। नए कानून ई-एफ आईआर दाखिल करने में पूरे देश में एकरूपता लाएंगे। मोबाइल फ ोन और एप्लीकेशन पर जोर दिया जा रहा है। अब किसी भी जब्ती की वीडियोग्राफ ी करनी होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ-साथ अन्य लोगों को भी कड़ी मेहनत करनी होगी और अधिक तकनीक के अनुकूल बनना होगा। एडीजीपी ने कहा कि कई देशों में कानूनों की नियमित समीक्षा होती है और इस संबंध में नए कानून बहुत स्वागत योग्य हैं। एनसीआरबी का संकलन ऐप पुराने और नए कानूनों के बीच पत्राचार प्रदान करता है। एडीजीपी ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने संकलन नाम से एक मुफ्त ऐप बनाया है, जो भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की पुरानी धाराओं और संबंधित नए आपराधिक कानून के तहत उनकी संबंधित नई धाराओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है। पूरी आपराधिक न्याय प्रणाली और पूरे समाज को नए कानूनों से लाभ होगा। जन जागरूकता के महत्व के बारे में बोलते हुए, एडीजीपी ने कहा कि इसका हर व्यक्ति पर प्रभाव पड़ता है, सभी को कानूनों के बारे में सीखना चाहिए और जागरूकता फैलानी चाहिए। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने वीडियो उपलब्ध कराए हैं। इसका प्रभाव बहुत बड़ा है और आने वाले कुछ सालों में इसका असर दिखेगा। यह बहुत जरूरी था। हमने इससे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन शुरू की है, साथ ही तकनीक भी इसमें बहुत मदद कर रही है और रिफ्रे शर ट्रेनिंग भी आयोजित की गई है। एडीजीपी ने बताया कि नए कानूनों से आपराधिक न्याय प्रणाली और समाज को फ ायदा होगा। इससे व्यवस्था पारदर्शी, मजबूत और प्रभावी बनेगी।

## न्यूज फ्लैश

### नशे की गिरफ्त में डूबता भारत: 26 जून - अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निरोध दिवस।

**कांगड़ा विजय समयाल**

आज का भारत, धीरे-धीरे नशे के चंगुल में फँसता जा रहा है। पश्चिमी सभ्यता की अंधी नकल और व्यस्त जीवन शैली की दौड़ में हम अपने संस्कारों और मूल्यों को भूल चुके हैं। परिवार के सदस्यों के बीच दूरियां बढ़ रही हैं, तनाव और चिंताएं आम हो गई है।हर साल 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग और अवैध तस्करी निरोध दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना, मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकना, और अवैध तस्करी पर रोक लगाना है।2021 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 1.4 करोड़ लोग किसी न किसी तरह के मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, जिनमें से 80% युवा वर्ग (15 से 35 वर्ष) के हैं। हेरोइन, गांजा और अफीम देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले मादक पदार्थ हैं।नशे का व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर गहरा असर पड़ता है। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। सामाजिक अलगाव, अपराध और यहां तक कि मौत भी इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं।नशे से बचाव और मुक्ति के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।नशा करने वालों, नशीले पदार्थों और ऐसी परिस्थितियों से दूर रहें जो आपको नशे की तरफ खींच सकती हैं।स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद के साथ एक स्वस्थ दिनचर्या बनाऐ।समय रहते तनाव को कम करने के लिए स्वस्थ तरीके अपनाएं।सरकार और समाज का दायित्व।भारत सरकार नशामुक्ति केंद्रों की स्थापना, जागरूकता अभियानों और नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के लिए सख्त कानूनों के जरिए इस समस्या से निपटने का प्रयास कर रही है। लेकिन नशे के खिलाफ लड़ाई में सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है। सामाजिक संस्थाओं को नशामुक्ति कार्यक्रम चलाने और लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।नशे की समस्या से निपटने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

### खतरनाक प्रक्रिया में काम करते मिले तीन बाल श्रमिक

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शासन तथा एनसीपीसीआर के निर्देश पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल के निर्देश पर कलेक्ट्रेट से औरंगाबाद रोड टाउनशिप पर बुधवार को बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें तीन बाल श्रमिक खतरनाक प्रक्रिया में काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर ही नोटिस जारी किया गया। मौके पर बच्चों का वैध आयु प्रमाण पत्र न होने पर आयु निर्धारण हेतु सी.एम.ओ के सामने प्रस्तुत किया गया। आयु निर्धारण के उपरांत उन्हें सुरक्षा व संरक्षा हेतु सी.डबल्यू.सी के अध्यक्ष राजेश दीक्षित के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीम में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस.पी. पांडेय, नीलम, प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह, चाइल्ड लाइन से विरेंद्र, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थिति रही। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चो से कार्य करने पर कानून 50 हजार तक जुमार्ने अथवा तीन साल तक जेल अथवा दोनों सजा का प्राविधान है।

### घायल किशोर की उपचार के दौरान मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

धौली प्याऊ क्षेत्र में मंगलवार की शाम को ट्राली पलटने से हुए हादसे में घायल किशोर की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये थे। घायल हुए ये सभी लोग मजदूर थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी ने बताया कि एक किशोर की हालत गंभीर थी। उसका चिकित्सालय में उपचार चल रहा था। घायल किशोर दस वर्षीय साहिल पुत्र अच्छे लाल पडवा महरौली ललितपुर की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मंगलवार की रात थाना हाईवे क्षेत्र में जयगुरुदेव मंदिर के समीप हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना हाइवे प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जयगुरूदेव मंदिर के पास दो बाइकें आपस में टकरा गई थीं। बीस वर्षीय ओम नगर निवासी लवकुश घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# ट्यूबवेल के बिल पर मिल रही 100 प्रतिशत की छूट

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बिजली बिल जमा करने पर विभाग किसानों को ब्याज में छूट दे रहा है। किसानों के ट्यूबवेल पर इस समय विद्युत विभाग में लाभकारी योजना चल रही है। बिजली विभाग के एसडीओ गोवर्धन देवेंद्र तिवारी ने बताया कि 2023 तक बकाया किसानों के बिजली ट्यूबवेल बिल पर एकमुश्त जमा करने पर 100 प्रतिशत छूट ब्याज पर दी जा रही है। तीन किस्त बनवाकर जमा करने पर 90 प्रतिशत व छह किस्त में जमा करने पर 80 प्रतिशत छूट दी जा रही है। एक मुस्त वाली योजना 30 जून तक है। इसके लिए उपभोक्ता को 30 जून तक रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। जिन किसानों ने जमा कर दिया है और सरकार की फ्री योजना पाने के लिए उनको भी रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है।वहीं एसडीओ देवेंद्र तिवारी ने बताया कि मुड़िया पूर्णिमा मेला पर श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को दिक्कत ना हो उसके लिए खास



व्यवस्था की जा रही है। लाइनों को सही कराया जा रहा है।पांच किलोमीटर की बंच बदली जा चुकी है। 33 केवी में छह नए पोल लगाए गए हैं। 33 केवी का नया ब्रेकर गोवर्धन पर स्थापित किया है।परिक्रमा के लिए आगामी तीस जून तक नया फीडर चंद्र सरोवर महमदपुर से शुरू हो जाएगा।लाइन सही कराने के लिए लगभग पन्द्रह लोगों की नई टीम बाहर से बुलाई गई है।बुधवार को टीम ने विभिन्न स्थानों पर कार्य किया है। एसडीओ ने किसानों से योजना का लाभ लेने की अपील की है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

टीकम सिंह की मंगलवार को बलदेव कस्बा स्थित ऑटो एजेंसी के सामने से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को एक युवक ले गया था।

इसके संबंध में थाना बालदेव पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव त्रिलोकी सिंह ने बताया कि एसआई आदर्श कुमार सिंह चौकी इंचार्ज हनुमान तिराहा हमराह के साथ मुखबिर की सूचना पर मोटर साईकिल चोरी करने वाले एक अभियुक्त दिनेश पुत्र बंगालीमल निवासी बोहरे वाला मोहल्ला कस्बा व थाना बल्देव को चोरी की मोटर साईकिल के साथ बुधवार को सुबह साढे सात बजे एनएनएस कालेज से 100 कदम पहले की दूरी से गिरफ्तार किया गया।

# हाईवे पर बाइकर्स ने युवक को मारी गोली, मौत

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बेखौफ बदमाशों ने दिल्ली आगरा हाइवे पर एक व्यक्ति को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। पेप्सी कंपनी से दो लोग ड्यूटी कर लौट रहे थे। वह छाता की ओर जा रहे थे। छाता कस्बे से करीब 500 मीटर दूर दो बाइकर्स ने मोटरसाइकिल का पीछा कर पीछे बैठे व्यक्ति प्रेम चौधरी निवासी सींगु थोक छाता को सिर पर सटा कर गोली मार दी। इसके बाद बाइकर्स मौके से भाग निकले। पुलिस ने घायल प्रेम चौधरी को केडी हॉस्पिटल ले जाया गया। हास्पिटल पहुंचते ही घायल ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवारों ने गोली मारी थी वह थाना कोतवाली की तरफ भागे थे। कोतवाली पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हैं। एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि रात लगभग सवा दस बजे एक व्यक्ति जिनका नाम प्रेम सिंह था वह फैक्ट्री से काम कर अपने साथियों के साथ लौट रहे थे। ये मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे हुए थे। इनका साथी मोटरसाइकिल चला रहा था। जो व्यक्ति मोटरसाइकिल चला रहा था उनका कहना है कि पीछे से दो मोटरसाइकिल पर दो लोग आये छाता कस्बे से लगभग 500 मीटर पहले उन्होंने घटना को अंजाम दिया। दोनों बाइकसवारों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। उन्होंने पीछे बैठे प्रेम सिंह को सिर में सटाकर गोली मार दी। उसके बाद साथी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि उनके द्वारा घटना का निरीक्षण किया गया है और परिजनों से बात की गई है। कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# परवाणू में हर तीन माह बाद होगी एचओडी की मीटिंग

**हाउस मीटिंग**

**▶▶नगर परिषद के आग्रह पर विधायक ने दिए निर्देश, नप की हाउस मीटिंग में विधायक ने लिया भाग**

**विमल ग्रोवर**

**परवाणू:** औद्योगिक नगरी परवाणू में सभी विभागों के उच्च अधिकारियों एचओडी की हर तीन महीने बाद बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का उद्देश्य परवाणू के विकास का रोड मैप तैयार करना होगा। हर बैठक में पिछली बैठक में लिए निर्णयों व कार्यो की समीक्षा भी की जाएगी। नगर परिषद परवाणू के



आग्रह पर विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने इस बाबत निर्देश दिए है। विधायक विनोद सुल्तानपुरी बुधवार को नगर परिषद परवाणू की अध्यक्ष मोनिशा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई नप की हाउस बैठक में विशेष तौर पर भाग लेने आए थे। बैठक में अध्यक्ष मोनिशा शर्माए उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी, पार्षद ठाकुर दास शर्मा, रणजीत सिंह, निशा शर्मा, मनोनीत पार्षद कांता कपूर, रविंदर गर्ग, सुखविंदर सिंह मंगा, कनिष्ठ अभियंता केडी शर्मा, सेनेटरी इंस्पेक्टर आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में परवाणू के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। नप अध्यक्ष मोनिशा शर्मा व कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी समेत सभी पार्षदों ने विधायक सुल्तानपुरी को परवाणू की सिभिन्न समस्याओ से अवगत करवाया। नगर परिषद परवाणू की अध्यक्ष मोनिशा शर्मा समेत विभिन्न पार्षदों ने विधायक विनोद सुल्तानपुरी के संज्ञान में लाया की परवाणू में कार्यरत विभिन्न विभागों के बीच आपसी सामंजस्य नहीं है, ऐसे में विकास कार्यो को करवाने में नगर परिषद को विभिन्न समस्याओ का सामना करना पड़ता है। इसलिए हर तीन माह बाद सभी विभागों के उच्च अधिकारियो की बैठक बुलाई जाए। विधायक सुल्तानपुरी ने नगर परिषद के सदस्यों की बात से सहमत होते हुए कहा की परवाणू में हर तीन माह बाद एचओडी की बैठक बुलाई जाएए जिसकी मोनिटरिंग वे स्वयं करेंगे। उन्होंने कहा की इस बैठक में परवाणू में अगले तीन वर्ष के विकास कार्यो का रोड मैप बनाया जाएगा। हर बैठक में पिछले तीन माह के दौरान हुए कार्यो की समीक्षा भी की जाएगी। परवाणू में हुई पेयजल की किल्लत की ओर पार्षदों द्वारा ध्यान आकर्षित करने के बाद विधायक सुल्तानपुरी ने कहा की जल्द ही परवाणू के लिए नई पेयजल योजना तैयार करने पर काम चल रहा है।

### कम बोल्टेज के कारण नही चल पा रही पेयजल योजनाए

***कांगड़ा विजय समयाल 24/6/2024**

विधुत विभगा मण्डल फतेहपुर मे कुछ जगहो पर बिजली की कम बोल्टेज स्थानीय लोगो के साथ साथ जल शक्ति विभाग के लिए सिरदर्द बन चूकी है । मजबूर जल शक्ति विभाग को किराए पर जनरैटर मंगबां कर अपनी पेयजल योजनाओं को चलाना पड़ रहा है । इन पेयजल योजनाओ को चलाने के लिए 135'६ जनरैटर की जरुरत पड़.रही है जो कि विभाग को पड़ोसी राज्य से मंगबाना पड़.रहे है । तो कही कही पानी की सप्लाई टैंकरो के माध्यम से दी जा रही रही है । लगा तार कड़कती धूप और बेरूखे मौसम के आगे पानी की निरन्तर सप्लाई चरमरा चूकि है । जिसे निरन्तर करने मे विभाग जूटा हुआ है ।विभाग की माने तो अधिकारी अपनी देख रेख मे पानी के टैंकर गांबो को भेज रहे है और कुछ पानी की स्किमो को जनरैटरो से चलाया जा रहा है । अधिकारी खुद फिल्ड मे मोर्चा सम्भाले हुए है । लगभाग सभी कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है । और कर्मचारियों व अधिकारियों को फिल्ड मे रहने के आदेश जारी किए गये है । जल शक्ति विभाग मण्डल व उपमण्डल फतेहपुर के अधिन जोली मलहंता व बैह मलहन्ता पेयजल स्किमो मे कम बोल्टेज के चलते 135'६ जनरैटरो से चलाया जा रहा है जिस से दो पंचायतो की करीब दो दर्जन गावों जोहली ,मलहंता ,दियाणा ,धौलपुर, छतराल,जंजाल,भटोली सम्याला ,क्यारी, इत्यादी

मे पानी की स्पलाई देकर लोगो के सुखे गलो को तर किया जा रहा है । बही जंहा जंहा पानी की समस्या आ रही है बंहा पर पानी के टैंकर भेज कर लगो को पीने का पानी मुह्हेया करबाया जा रहा है । बिजली की कम बोल्टेज कर कारण कुछ पेयजल योजनाएं नही चल पा रही है जिन्हें 135'६ जनरैटर से चलाया जा रहा है ।

### माटी कला बोर्ड की योजना के लिए 30 जून तक करना होगा आवेदन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला के अन्तर्गत निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने एवं प्लास्टिक उत्पादों के प्रयोग को हतोत्साहित करने के उददेश्य से मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना संचालित की गई है। योजनान्तर्गत माटीकला से संबंधित उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख तक आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे हैं। माटी कला से संबंधित इच्छुक परम्परागत कारीगर एवं प्रशिक्षण शिल्पी प्रोजेक्ट लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पांच लाख से अधिक की परियोजना हेतु लाभार्थी को कम से कम आठवीं पास होना अनिवार्य है। उद्यमी के अंशदान पांच प्रतिशत की धनराशि पूंजीगत मद में व्यय की जाएगी तथा पूंजीगत ऋण धनराशि का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान के रूप में दी जायेगी।

# मथुरा में मिलावट की चपेट में भगवान का भोग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मथुरा के पेडा का जवाब नहीं, यह मथुरा की पहचान है तो भगवान का प्रसाद भी, अब यह पेड़ भी मिलावट की चपेट में है। वृंदावन, गोवर्धन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों पर बिक रहे पेडा की सैंपलिंग की। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पेडा बनाने की 500 किलो सामग्री को नष्ट कराया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत श्री



कृष्ण जन्म भूमि स्थित मार्केट में सहायक आयुक्त डॉ गौरीशंकर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियोंकी टीम द्वारा जगदीश मिठाई वाला के खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर संदेह होने पर पेड़ा मिठाई का नमूना संग्रहित किया गया। प्रतिष्ठान स्वामी लाइसेंस न दिखा सके। जिसके लिए उनका चालान किया जा रहा है। बृज गोपाल पेड़ा वाले, गुलजारी लस्सी वाला से पेड़ा मिठाई एवं दही का एक एक नमूना एवं बांके बिहारी चाट भंडार से गोलगप्पे के पानी का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। लगभग 500 किलोग्राम पेड़ा बनाने वाली दूषित सामग्री को विभिन्न दुकानों से कलेक्ट कर नष्ट कराया गया। गोवर्धन क्षेत्र में अमृत भोग रेस्टोरेंट से वेसन लड्डू तथा शंभू नाथ शर्मा खाद्य प्रतिष्ठान से मक्खन का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है ।

कार्रवाई के दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी तथा एसएस निरंजन, देवराज सिंह, अरुण कुमार, दलबीर सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार के बेटे से रंजिश के चलते देर रात किया था जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**विजय समयाल**

**कांगड़ा:** थाना इंदौरा के अन्तर्गत बस स्टैंड पर बीते वीरवार को आधी रात को स्वर्णकार पर जानलेवा हमला करने वालो में से तीन को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञात रहे कि बीते वीरवार रात को जो राजेश वर्मा व उसकी पत्नी शैली वर्मा पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा तेज हथियारों से हमला किया था जिसमें पति पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसके चलते डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी व तथ्य जुटाए थे इस वारदात में हमलावरों द्वारा एक मारुति ऑल्टो कार जिसमें वह स्वार होकर आए थे और वारदात करने के बाद वह इसी कार में स्वार



होकर भागने में सफल हो गए थे इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि इस जानलेवा हमले में तथ्य जुटाने की जिम्मेदारी ए एस आई पुष्पिंदर व आरक्षी विशाल की टीम को सौंपी गई थी जिसपर उन्होंने दिन रात कार्य करते इलाका के करीब 30 से 40 जगहों की सीसीटिवी को खंगाला व इस ब्लाइंड कातिलाना हमले को महज पाँच दिनों मे ही सुलझा डाला केवल पांच दिन में अभियुक्तों द्वारा प्रयोग की गई कार बरामद कर ली व चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया वही बाकी आरोपियों की धर पकड़ के लिए पूलिस टीम छापेमारी कर रही है पकड़े गए आरोपीयों की पहचान अभिषेक उर्फ अब्बी पुत्र स्व मक्खन कुमार वासी इंदौरा राजा स्पूत्र जमाल वासी ढाकी पठानकोट, सौरव उर्फ मांगू पीर बाबा चौंक पठानकोट, विशाल उर्फ बब्बी वासी हलेड तह इंदौरा को गिरफ्तार करने में सफ लता प्राप्त की है जबकि विशाल उर्फ बब्बी वारदात वाली रात को भागते समय छत से शलांग लगाने से उसकी टांग टूट गई थी वह पठानकोट के एक अस्पताल में उपचाराधीन है वह भी पूलिस की निगरानी में अस्पताल में उपचाराधीन है इन सभी आरोपियों पर आरंभिक जांच में आईपीसी की धारा 452,398,147, 148, 149,324 कई अन्य धाराओं के तहत थाना इंदौरा में मामला दर्ज किया गया है शुरूआती जांच में आरोपियों ने बताया कि स्वर्णकार राजेश वर्मा के बेटे साहिल के आरोपी विशाल उर्फ बब्बी के साथ उसकी निजी दुश्मनी थी जिसके चलते उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे मारने का प्लान बनाया व एक ऑल्टो कार जोकि किसी से खरीदी गई थी उसमें इस वारदात को अंजाम दिया तथा सबूत मिटाने के लिए सारी कार को रंग करवा दिया व टूटे हुए शीशे को भी बदलवा दिया। आज इन तीनों आरोपियों को अदालत इंदौरा में पेश किया गया आगामी पूछताछ के लिए पूलिस रीमांड पर भेज दिया गया है।

# भाकियू भानू ने की मटिया गेट क्षेत्र मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**विवाद**

**▶▶-ईद के दिन मटिया गेट क्षेत्र मेंदो पक्षों में हुए संघर्ष में पुलिस ने 17 लोगों को किया है नामजद**

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

ईद के दिन मथुरा महानगर के मटिया गेट क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के दो गुटों में हुए संघर्ष में पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन लोगों को नामजद किया है। भाकियू भानू ने आरोप लगाया है कि इस मामले में पुलिस



ने कुछ लोगों को गलत तरीके से फंसाया है। मामले की निष्पक्ष जांच की कराये जाने की मांग को लेकर किसान संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय पर एसपी सिटी डा.अरविंद कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है मामले की निष्पक्ष जांच करा कर निर्दोष लोगों के साथ न्याय किया जाए। भाकियू भानू के कार्यकर्ताओं ने 17 जून को ईद वाले दिन मथुरा महानगर के मटिया गेट क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के दो गुटों में हुए झगड़े में पुलिस प्रशासन की तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया था।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र मंच पर कश्मीर का मुद्दा उठाने के पाकिस्तान के प्रयास को 'निराधार' बताया

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर चर्चा में कश्मीर को शामिल करने के पाकिस्तान के प्रयास की जमकर आलोचना की है।भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन के मंत्री प्रतीक माथुर ने पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे को उठाने पर कहा कि उसने इस मंच का दुरुपयोग निराधार और कपटपूर्ण बयानबाजी करने के लिए किया है, जो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने तीखे स्वर में कहा, मैं इस प्रतिष्ठित संस्था का कीमती समय बचाने के लिए इन टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा।माथुर ने अपने बयान में पाकिस्तान का नाम भी नहीं लिया। चूंकि भारत ने पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया, इसलिए पाकिस्तान को जवाब देने का अधिकार नहीं मिला। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मंगलवार को भी उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक बैठक में पाकिस्तान के अलावा केवल एक ही देश ने कश्मीर का उल्लेख किया था। बाकी के 191 देशों ने इसे अनदेखा कर दिया था।

# भारत के साथ मधुर संबंध चाहता है पाकिस्तान - उप प्रधानमंत्री इशाक डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार ने मोदी सरकार से दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के भविष्य पर गंभीरता से विचार करने का आह्वान किया। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने भारत के साथ संबंधों के बारे में अपने पिछले बयानों को दोहराया और कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत के साथ अच्छे संबंध रखने का इच्छुक रहा है।

डार ने कहा, भारत के साथ हमारे संबंध ऐतिहासिक रूप से खराब रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान सतत शत्रुता में विश्वास नहीं करता। हम आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और लंबे समय से चले आ रहे जम्मू-कश्मीर विवाद के न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान के आधार पर भारत के साथ अच्छे पड़ोसी का संबंध चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के साथ बेहतर संबंध सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तान हर कदम उठाएगा, लेकिन वह किसी भी भारतीय सैन्य दुस्साहस का समुचित जवाब देने से नहीं चूकेगा। उन्होंने कहा, हम दक्षिण एशिया में रणनीतिक स्थिरता बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रहे हैं, लेकिन भारत के किसी भी सैन्य दुस्साहस का प्रभावी और निर्णायक तरीके से जवाब देंगे।

# श्रीश्री रविशंकर ने आइसलैंड के प्रधानमंत्री से की मुलाकात, मेंटल हेल्थ के मुद्दों पर की चर्चा

**आइसलैंड।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का रेकजावी में आइसलैंड के प्रधानमंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन ने स्वागत किया। यहां श्रीश्री रविशंकर ने उनके साथ मेंटल हेल्थ और सामाजिक कल्याण के महत्व पर चर्चा की। दोनों के बीच हुई बैठक यूरोप में वर्तमान शांति की स्थिति, मेंटल हेल्थ के मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता और सामाजिक समृद्धि के लिए व्यक्तिगत लाभ को मूल में रखने के महत्व पर केंद्रित थी।

श्रीश्री ने आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के काम के बारे में यहां बताया कि, यह संस्था लोगों को तनाव और चिंता से छुटकारा पाने में मदद करने के लिए टाइम-टेस्टेड मेडिटेशन और ब्रीदिंग टेक्निक का उपयोग करता है, और लोगों के समग्र शारीरिक और मानसिक कल्याण को सुनिश्चित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे आर्ट ऑफ लिविंग अपराधियों के बीच हिंसा और नशीली दवाओं की लत को कम करने के लिए ब्रीथ स्मार्ट कार्यक्रम के साथ डेनमार्क में कैदियों और आपराधिक गिरोह के सदस्यों का पुनर्वास कर रहा है। इसके जरिए ऐसे हिंसक लोगों में आंतरिक शांति और एक-दूसरे की देखभाल की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# रूस के साइबेरिया में गर्मी ने पार की हद, 50 साल का टूटा रिकॉर्ड

**मॉस्को।** दुनिया की सबसे ठंडी जगह रूस के पश्चिमी साइबेरिया में इन दिनों जानलेवा गर्मी पड़ रही है। कई क्षेत्रों के तापमान ने पिछले 50 साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पश्चिम साइबेरियाई जल-मौसम विज्ञान और पर्यावरण निगरानी विभाग की मौसम पूर्वानुमान सेवा की प्रमुख नतालिया किचानोवा ने कहा कि कई क्षेत्रों, विशेषकर नोवोसिबिर्स्क और केमेरोवो ओब्लास्ट्स, साथ ही अल्ताई क्षेत्र और अल्ताई गणराज्य में तापमान 1970 और 1980 के दशक के रिकॉर्ड को पार कर गया है।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार किचानोवा ने कहा कि जून के अंत तक पश्चिमी साइबेरिया में गर्मी की लहर जारी रहने की संभावना है, जिसके बाद तापमान 17-25 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है। इसके साथ ही बारिश की भी उम्मीद लगाई जा रही है उन्होंने कहा कि असामान्य रूप से उच्च तापमान मध्य एशिया से मैक्रो-क्षेत्र में आने वाली गर्म हवा के कारण है, जबकि मध्य-क्षोभमंडल में हीट रिज ने गर्मी को और बढ़ा दिया है। रूस और उत्तरी कजाकिस्तान का विशाल क्षेत्र साइबेरिया पश्चिम में यूराल पर्वत से लेकर पूर्व में प्रशांत महासागर तक और उत्तर में आर्कटिक महासागर से लेकर उत्तर-मध्य कजाकिस्तान की पहाड़ियों और मंगोलिया और चीन की सीमाओं तक फैला हुआ है।मॉस्को। दुनिया की सबसे ठंडी जगह रूस के पश्चिमी साइबेरिया में इन दिनों जानलेवा गर्मी पड़ रही है।

# पश्चिमी नाइजर में आतंकवादी हमले में 20 सैनिक मारे गए

एजेंसी

**नियामी।** नाइजीरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिमी नाइजर के टिल्लबेरी क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में 20 सैनिक मारे गए। मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे रक्षा और सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी पर तासिया गांव के बाहरी इलाके में सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने हमला किया, जिसके कारण 20 सैनिक और एक नागरिक सहित 21 लोग मारे गए। विज्ञप्ति में कहा गया कि हमले में नौ सैनिक घायल हो गए और सेना के दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान कई आतंकवादियों को मार गिराया गया और उनके यात्रा तथा संचार के साधनों को नष्ट कर दिया गया। साथ ही, शेष हमलावरों की तलाश करने और उन्हें नष्ट करने के लिए हवाई और जमीनी बलों को



तैनात किया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, तासिया गांव 'तीन सीमाओं' वाले क्षेत्र (नाइजर-माली-बुर्किना फासो) में स्थित है।पश्चिमी नाइजर में आतंकवादी हमले में 20 सैनिक मारे गए।

# अमेरिका के नेवादा में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत

एजेंसी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी राज्य नेवादा के उत्तरी लास वेगास में सोमवार रात हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुये बताया गया कि संदिग्ध को सुबह तलाशी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

केटीएनवी टेलीविजन स्टेशन की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी लास वेगास पुलिस विभाग ने 57 वर्षीय एरिक एडम्स की हत्या की घटना में एक संदिग्ध के रूप में पहचान की है। रात लास वेगास महानगरीय क्षेत्र के एक शहर उत्तरी लास वेगास के एक अपार्टमेंट में पुलिस को बुलाए जाने के बाद संदिग्ध की तलाश शुरू हुई। अधिकारियों को अपार्टमेंट में दो वयस्क महिलाएं मिलीं, जिनमें से एक की उम्र 40 वर्ष के आसपास थी और दूसरी की 50 वर्ष के आसपास



थी, जो स्पष्ट रूप से बंदूक की गोली के घाव से मृत थीं। रिपोर्ट के अनुसार, अपार्टमेंट के अंदर, पुलिस को एक 13 वर्षीय लड़की मिली जो स्पष्ट रूप से बंदूक की गोली के घाव से पीड़ित थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 20 साल की उम्र की दो महिलाएं और 20 साल की उम्र का एक पुरुष पड़ोसी अपार्टमेंट में स्पष्ट रूप से बंदूक की गोली के घाव से मृत पाए गए।

# असांजे ने जेल जाने से बचने के लिए अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत दोष स्वीकार किया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने बुधवार को उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन स्थित संघीय अदालत में जासूसी अधिनियम का उल्लंघन करने के एक मामले में दोषी होने की दलील दी।

यह श्री असांजे और अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए एक समझौते के तहत किया गया, ताकि उन्हें आगे जेल की सजा से बचाया जा सके और वर्षों से चल रही कानूनी लड़ाई को समाप्त किया जा सके। गौरतलब है कि राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने के एक मामले में अपराध स्वीकार करने के बावजूद श्री असांजे को अमेरिका में किसी तरह की जेल की सजा नहीं पड़ेगी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया वापस जाने की अनुमति दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि श्री असांजे अमेरिका नहीं आना चाहते थे, इसलिए अमेरिकी न्याय विभाग ने प्रशांत महासागर में स्थित अमेरिकी राष्ट्रमंडल के सुदूर द्वीप में सुनवाई करने पर सहमति जताई। श्री असांजे 2009 और 2011 के बीच वर्गीकृत सैन्य और राजनयिक दस्तावेजों को हासिल करने और जारी करने में अपनी भूमिका के कारण अमेरिकी सरकार के साथ लंबी कानूनी लड़ाई में




उलझे हुए थे। इन फाइलों में अफगानिस्तान और इराक में युद्धों से संबंधित सैकड़ों हज़ारों गुप्त अमेरिकी सैन्य दस्तावेज शामिल थे।

# सऊदी अरब ने हज यात्रा के लिए वीजा के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब ने अन्य देशों की पर्यटन कंपनियों पर विजिट वीजा धारकों को हज यात्रा में भाग लेने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार सऊदी गृह मंत्रालय के सुरक्षा प्रवक्ता तलाल शल्हौब ने कहा कि उन कंपनियों ने हज के लिए वीजा जारी नहीं किया बल्कि उन्हें हज शुरू होने से दो महीने पहले मक्का में रहकर नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित किया प्रवक्ता ने कहा कि हज परमिट केवल एक ट्रांजिट कार्ड नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो तीर्थयात्रियों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है तथा आवश्यक देखभाल और सेवाएं प्रदान करने के लिए उनके स्थानों की पहचान करता है। बिना हज परमिट वाले व्यक्तियों को तीर्थयात्रा के दौरान





आवश्यक सेवाओं और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है श्री शल्हौब के अनुसार, इस वर्ष हज के दौरान कुल मृत्यु दर में से 83 प्रतिशत, यानी 1,301 में से 1,079, बिना हज परमिट वाले थे।

# अंतरिक्ष में फंसीं सुनीता विलियम्स! बोइंग के कैप्सूल ने दिया धोखा...एलन मस्क करेंगे मदद

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स नासा बुच विल्मो के साथ स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से स्पेस में गई थी। जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर एक सप्ताह बिताने के बाद 13 जून को वापस पृथ्वी पर लौटना था, लेकिन अभी तक वो लौटी नहीं हैं। उनके साथ एक और अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर भी वहां फंस गए हैं। दोनों 5 जून को स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष गए थे। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर कब तक लौटेंगे? अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने अब तक इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। बोइंग ने एक बयान में कहा कि स्पेस कैप्सूल में थ्रस्टर फेलियर और लीक वॉल्व जैसी कुछ तकनीकी समस्याएं आ गई थीं और इसे ठीक करने के लिए ही विलियम्स और बुच की वापसी टालनी पड़ी है। 59 साल की सुनीता विलियम्स इससे पहले दो बार अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी हैं। इससे पहले वो 2006 और 2012 में अंतरिक्ष जा चुकी हैं। नासा के मुताबिक, उन्होंने अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नासा और बोइंग दोनों को ही हीलियम लीक के बारे में जानते थे। उसके बावजूद उन्होंने इस लीकेज को



मिशन के लिए मामूली खतरा माना। स्टारलाइनर बोइंग का ही स्पेसक्राफ्ट है नासा और बोइंग के इस फैसले के कारण सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंस गए हैं। दावा ये भी किया जा रहा है कि इसी लीकेज के कारण लॉन्चिंग को पहले टाल दिया गया था। पहले ये मिशन 7 मई को लॉन्च होने वाला था। स्टारलाइनर की फ्यूल कैपेसिटी 45 दिन की है। इस मिशन को शुरू हुए 18 दिन गुजर चुके हैं और अब सिर्फ 27 दिन बाकी हैं। फिलहाल, नासा और बोइंग दोनों ही सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को सुरक्षित वापस लाने के लिए जुटे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नासा को दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए नया रॉकेट भेजने के लिए मजबूर किया जा सकता है। ऐसे में उन्होंने उम्मीद कि जा रही है कि इस मिशन को पूरा करने के लिए एलन मस्क के स्पेसएक्स की मदद ली जा सकती है। वहीं ब्रिटिश टैबलॉयड डेलीमेल ने एक्सपर्ट्स से बातचीत के हवाले से बताया कि नासा को उन दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए नया रॉकेट भेजने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मिशन को पूरा करने के लिए एलन मस्क के स्पेसएक्स की मदद ली जा सकती है।नई दिल्ली। भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स नासा बुच विल्मो के साथ स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से स्पेस में गई थी। जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर एक सप्ताह बिताने के बाद 13 जून को वापस पृथ्वी पर लौटना था, लेकिन अभी तक वो लौटी नहीं हैं। उनके साथ एक और अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर भी वहां फंस गए हैं। दोनों 5 जून को स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष गए थे।

# भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं : अमेरिकी राजदूत गार्सेटी

एजेंसी



**ओक्सन हिल।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गार्सेटी ने 'सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट' के इतर एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं जिसमें सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत से है। गार्सेटी ने वाशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा, ''यह (भारत-अमेरिका) ऐसा रिश्ता है जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे। उन्होंने कहा, ''हमारा कभी भारत के साथ इतना करीबी रिश्ता नहीं रहा। भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या अब हमारी आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है और वे अमेरिका में छह फीसदी कर का भुगतान करते हैं। यह अमेरिका में सबसे सफल प्रवासी समुदाय है। इस कार्यक्रम में भारत के 'जेएसडब्ल्यू स्टील' ने टेक्सास के बेटाउन में 14 करोड़ डॉलर निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। गार्सेटी ने कहा, अब अमेरिकी भारतीय ब्रांड और भारतीय कंपनियों से अधिक परिचित हो रहे हैं...हम एक साथ मिलकर तीसरे देशों, बुनियादी ढांचों, ऊर्जा, जलवायु समाधानों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने जेएसडब्ल्यू स्टील की घोषणा पर कहा कि इस प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से 800 से अधिक अमेरिकी कर्मियों को नौकरियां मिलेंगी। हजारों निवेशकों, कंपनियों, आर्थिक विकास संगठनों (ईडीओ) और उद्योग विशेषज्ञों को कारोबारी निवेश की सुविधा प्रदान करने के लिए 'सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट' अमेरिका में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम है।

# लोपेज़ ओब्रेडोर ने की लंदन जेल से जूलियन असांजे की रिहाई की सराहना

एजेंसी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे की रिहाई की सराहना की।गौरतलब है कि श्री असांजे इंग्लैंड की एक उच्च सुरक्षा वाली जेल में पांच साल बिताने के बाद पिछले दिनों अमेरिका के साथ हुए एक समझौते के तहत रिहा हुए हैं। श्री लोपेज़ ओब्रेडोर ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, मैं जूलियन, उनके परिवार, उनके पिता, उनके भाइयों, उनके दोस्तों और लाखों मेक्सिकन और दुनिया के सभी देशों के लोगों को बधाई देता हूं, जिन्होंने श्री जूलियन असांजे की आजादी को संभव बनाने में भाग लिया। उन्होंने कहा कि श्री





असांजे की कैद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को जेल में डालन के समान और उनकी दुर्दशा को बहुत अनुचित थी। अमेरिकी न्याय विभाग के साथ एक समझौते के बाद श्री असांजे को रिहा कर दिया गया। इस समझौते के तहत श्री असांजे को आगे की कारावास से बचने के बदले में अमेरिकी जासूसी अधिनियम का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने पर सहमति व्यक्त की श्री लोपेज़ ओब्रेडोर ने श्री असांजे की रिहाई को सुरक्षित करने के अपने प्रशासन के प्रयासों को याद किया, जिसमें 2020 और 2023 में क्रमशः तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके उत्तराधिकारी जो बाइडेन को पत्र लिखना शामिल था। विकीलीक्स की ओर से एक्स पर किये गये पोस्ट के अनुसार श्री असांजे को सोमवार को लंदन की बेलमार्श जेल से रिहा कर दिया गया और वह ब्रिटेन छोड़ने के लिए विमान में सवार हो गए।

# संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका और सहयोगी देशों ने परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और मास्को का किया विरोध

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में सोमवार को अमेरिका और उसके प्रमुख यूरोपीय सहयोगियों ने तेहरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और रूस का विरोध किया। अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार संपन्न होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक साधनों का उपयोग करने का संकल्प जताया। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह अपनी परमाणु गतिविधियों को, परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से 2015 के समझौते में तय की गई सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अन्तरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग करने में विफल रहा है।

ईरान और रूस ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया, जिन्हें समझौते के तहत हटा दिया जाना था। दोनों देशों ने जोर देकर कहा कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम अन्तरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की निरंतर निगरानी में है। यह टकराव ईरान और छह प्रमुख देशों - अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी - के बीच परमाणु समझौते के कार्यान्वयन पर अर्ध-वार्षिक बैठक के दौरान हुआ, जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है। समझौते के तहत तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने पर सहमति व्यक्त की थी।

वर्ष 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को समझौते से यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह और कड़ा समझौता करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। परिषद की बैठक मई के अंत में आईएईए की रिपोर्ट के बाद हुई जिसमें कहा गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित 142 किलोग्राम (313 पाउंड) से अधिक यूरेनियम है, जो 90 प्रतिशत के हथियार-ग्रेड स्तर बनाने में बेहद मददगार है। आईएईए ने कहा कि यह फरवरी से 20 किलोग्राम (45 पाउंड) से अधिक की वृद्धि थी।

आईएईए ने 13 जून को यह भी बताया कि उसके निरीक्षकों ने सत्यापित किया है कि ईरान ने यूरेनियम को अधिक तेज़ी से संवर्धित करने वाले उन्नत सेंट्रीफ्यूज के नए कैस्केड शुरू किए हैं और उसकी योजना इसे अधिक तेजी से आगे बढ़ाने की है। अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को ऐसे तरीकों से विस्तारित करने के लिए दृढ़ है, जिनका कोई विश्वसनीय असैन्य उद्देश्य नहीं है।

# चंद्रमा के अंधेरे वाले हिस्से से चट्टान और मिट्टी के नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटा Chang'e 6

एजेंस

**बीजिंग।** चीन का चांग'ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक प्रमुख उपलब्धि है। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने घोषणा की कि यह अंतरिक्ष यान दोपहर को उत्तरी चीन के इनर मंगोलियाई स्वायत्त क्षेत्र में बीजिंग के समयानुसार दोपहर दो बजकर सात मिनट पर उतरा और ''यह मिशन पूरी तरह सफल'' रहा।

सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चांग'ए 6 मिशन की सफलता पर बधाई दी। चीन का यह अभियान चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक पहुंचने और वहां से नमूने एकत्रित करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। उसका चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था। पृथ्वी के इकलौते उपग्रह चंद्रमा का यह वह हिस्सा है जिसके बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है।चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरने वाला इकलौता देश है। इससे पहले उसने 2019 में ऐसा किया था। चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा के सुदूर भाग पर पर्वत और गड्ढे हैं जो कि निकटतम भाग पर दिखायी देने वाली अपेक्षाकृत सपाट सतह से अलग है। सीएनएसए ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान को विमान से बीजिंग ले जाया जाएगा और वैज्ञानिकों का एक दल चंद्रमा से एकत्रित किए नमूनों का भंडारण करेगा।



उम्मीद है कि चांग'ए 6 यान चंद्रमा की दो किलोमीटर तक की धूल के कणों और सुदूर हिस्से की चट्टानों के साथ पृथ्वी पर लौटा है जिसका विश्लेषण चीनी अनुसंधानकर्ता करेंगे। चांग'ए चंद्र मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक के साथ चांग'ए 6 मिशन को इस साल तीन मई को प्रक्षेपित किया गया था। चांग'ए-6 मानव इतिहास में पहली बार दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में दो जून को उतरा और उसने नमूने एकत्रित किए। यह चार जून को चंद्रमा के अल्प ज्ञात एक क्षेत्र से पहली बार चट्टान के नमूने एकत्रित करके मंगलवार को उसके सुदूर हिस्से से वापस पृथ्वी के लिए रवाना हुआ था।

'चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज' में अनुसंधानकर्ता यांग वेई ने कहा, ''चांग'ए 6 मिशन मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा इससे चंद्रमा की उत्पत्ति के बारे में और जानकारियां मिलेंगी।'' चीन ने हाल के वर्षों में चंद्रमा तक कई सफल मिशन भेजे हैं। उसके चांग'ए 5 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के निकटतम भाग से नमूने एकत्रित किए थे

चीन की भविष्य में चंद्रमा पर एक चंद्र स्टेशन स्थापित करने की भी योजना है। एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरे चीन ने पूर्व में भी चंद्रमा पर मानवरहित मिशन सफलतापूर्वक भेजे हैं जिसमें एक रोवर उतारना भी शामिल है। चीन ने मंगल ग्रह के समीप भी एक रोवर भेजा और एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाया है जो अभी काम कर रहा है। चीन का उद्देश्य 2030 से पहले चंद्रमा पर एक मनुष्य को भेजना है।

## चेन्नईयिन एफसी ने गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ किया दो साल का करार



एजेंसी
**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने आगामी 2024-25 सत्र से पहले युवा मणिपुरी गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ दो साल का करार किया है। एआईएफएफ एलीट अकादमी से निकले नवाज पहले मुंबई सिटी एफसी और एफसी गोवा का हिस्सा थे। उन्होंने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारतीय फुटबॉल में सबसे प्रतिभाशाली गोलकीपरों में से एक के रूप में ख्याति अर्जित की है। नवाज का आना चेन्नईयिन टीम में अन्य गोलकीपर समिक मित्रा और प्रतीक कुमार सिंह के साथ एक रोमांचक जुड़ाव है। 24 वर्षीय नवाज युवा ऊर्जा और असाधारण क्षमता लेकर आए हैं और उनसे आगामी सीज़न में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है।

## भारतीय गोल्फर अदिति अशोक, दीक्षा डागर ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) द्वारा जारी योग्य महिलाओं की अंतिम सूची के अनुसार, भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। पिछले हफ्ते केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप के बाद अंतिम रूप से तैयार की गई आईजीएफ की ओलंपिक योग्यता सूची में 60 महिलाएँ शामिल हैं। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए पात्र हैं, जिसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फर शामिल हो सकते हैं। अदिति दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी हैं और दीक्षा दुनिया की 167वें नंबर की खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने क्रमशः 24वें और 40वें नंबर की ओलंपिक रैंक के साथ कट बनाया है। दोनों महिलाएँ शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) के साथ मिलकर चार सदस्यीय भारतीय टीम बनाती है पेरिस खेलों के लिए पुरुषों (1-4 अगस्त) और महिलाओं (7-10 अगस्त) की गोल्फ स्पर्धाएँ सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स में ले गोल्फ नेशनल में आयोजित की जाएँगी।

## प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गए कपिल देव

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव को सर्वसम्मति से प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) का अध्यक्ष चुना गया है। कपिल, जो 2021 में बोर्ड के सदस्य बने और उन्होंने पीजीटीआई के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया है, एचआर श्रीनिवासन का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। 65 वर्षीय कपिल ने कहा, भारतीय पेशेवर गोल्फर पिछले कुछ सालों से बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आज हमारे पास ज़्यादातर बड़े टूर में भारतीय पेशेवर गोल्फर हैं और लगातार तीसरी बार ओलंपिक में हमारे दो गोल्फर होंगे। हमारा टूर मज़बूत है और हमें उम्मीद है कि अगले कुछ सालों में हम और भी मज़बूत होंगे। पीजीटीआई कैलेंडर में सबसे आकर्षक इवेंट में से एक कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण टूर्नामेंट भी शामिल किया गया है, जो 2 करोड़ रुपये (लगभग 240,000 डॉलर) का गोल्फ इवेंट है।



## एआईएफएफ ने सैफ अंडर-17 पुरुष चैम्पियनशिप शिविर के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सैफ अंडर-17 पुरुष चैंपियनशिप 2024 की तैयारियों के लिए 8 जुलाई से श्रीनगर में आयोजित होने वाले अंडर-17 राष्ट्रीय शिविर के लिए 31 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। सात देशों का यह टूर्नामेंट 18 से 28 सितंबर तक भूटान में खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में मालदीव और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि भूटान, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका ग्रुप बी में हैं। सैफ अभियान समाप्त होने के बाद, टीम अक्टूबर 2024 में थाईलैंड में खेले जाने वाले 2025 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए श्रीनगर में प्रशिक्षण लेना जारी रखेगी। संभावित खिलाड़ियों में से कई खिलाड़ी पिछले सितंबर में भूटान में सैफ पुरुष अंडर-16 चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। हेड कोच इश्फाक अहमद ने कहा, मैं इन प्रतिभाशाली युवाओं को कोचिंग देने की संभावना से उत्साहित हूं। इनमें से ज़्यादातर खिलाड़ी अंडर-17 यूथ लीग में खेल रहे थे, बाकी को हमारे स्काउट्स ने चुना है।

## महिला टी20 एशिया कप 2024:पहले दिन 19 जुलाई को भारत का सामना पाकिस्तान से

एजेंसी
**दांबुला।** महिला टी20 एशिया कप 2024 की शुरुआत 19 जुलाई को भारत और पाकिस्तान के बीच धमाकेदार मुकाबले से होगी। एशियन क्रिकेट काउंसील (एसीसी) ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की। भारत और पाकिस्तान दिन के दूसरे मैच के लिए मैदान में उतरेंगे, जबकि पहले दिन टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का सामना नेपाल से होगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत को यूएई और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड शामिल हैं।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा तैयार और घोषित कार्यक्रम के अनुसार, प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 26 जुलाई को खेला जाएगा जबकि फाइनल 28 जुलाई को होगा। अपने अन्य मैचों में, भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से खेलेगा।

प्रारंभिक चरण में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे, जो 24 जुलाई तक जारी रहेंगे।



महिला टी20 एशिया कप 2024 का पूरा कार्यक्रमः

19 जुलाईः यूएई बनाम नेपाल; भारत बनाम पाकिस्तान

20 जुलाईः मलेशिया बनाम थाईलैंड; श्रीलंका बनाम बांग्लादेश

21 जुलाईः भारत बनाम यूएई; पाकिस्तान बनाम नेपाल

22 जुलाईः श्रीलंका बनाम मलेशिया; बांग्लादेश बनाम थाईलैंड

23 जुलाईः पाकिस्तान बनाम यूएई; भारत बनाम नेपाल

24 जुलाईः बांग्लादेश बनाम मलेशिया; श्रीलंका बनाम थाईलैंड।

26 जुलाईः सेमीफाइनल 1; सेमीफाइनल 2

28 जुलाईः फाइनल।

मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे खेले जाएंगे।

## आईसीसी ने डीएलएस पद्धति के सह-निर्माता फ्रैंक डकवर्थ के निधन पर जताया शोक

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति के सह-निर्माता फ्रैंक डकवर्थ के निधन पर दुख व्यक्त किया है। इस पद्धति का उपयोग मौसम से प्रभावित सीमित ओवरों के खेलों में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

84 वर्षीय डकवर्थ, जो 2014 तक आईसीसी के सलाहकार सांख्यिकीविद् थे, का निधन हो गया था। आईसीसी के महाप्रबंधक - क्रिकेट संचालन, वसीम खान ने डकवर्थ के निधन पर शोक व्यक्त किया और खेल में उनके योगदान को स्वीकार किया। वसीम खान ने कहा, फ्रैंक एक शीर्ष सांख्यिकीविद् थे, जिनका सम्मान उनके साथियों के साथ-साथ व्यापक क्रिकेट बिरादरी द्वारा भी किया जाता था। उन्होंने जिस डीएलएस पद्धति का सह-निर्माण किया, वह समय की कसौटी पर खरी उतरी है और हमने इसकी शुरुआत के दो दशक से भी अधिक समय बाद भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इसका उपयोग जारी रखा है। फ्रैंक का खेल में योगदान बहुत बड़ा रहा है और उनके निधन से क्रिकेट की दुनिया को बहुत बड़ा झटका लगा है। हम उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करते हैं।



## श्रीमंत झा ने पैरा आर्म रेसलिंग में विदेशों में लहराया परचम

**रायपुर।** दोनों हाथों में केवल 4 उंगलियाँ होने के बावजूद भिलाई के श्रीमंत ने इस कमी को अपने लक्ष्य की राह का रोड़ा नहीं बनने दिया। राष्ट्रीय एव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पैरा आर्म रेसलिंग में नई ऊंचाईयां प्राप्त की। पैरा आर्म रेसलिंग में छत्तीसगढ़ की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी श्रीमंत झा ने आज खेल मंत्री टंक राम वर्मा से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की।



मुलाकात के दौरान खेल मंत्री ने देश-विदेश में उनके द्वारा पैरा आर्म रेसलिंग में शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने उन्हें इस खेल में और निखार लाने के लिए विदेशों में प्रशिक्षण की व्यवस्था करने में आवश्यक सहयोग दिलाने के लिए आश्वस्त किया। वर्तमान में श्रीमंत एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आर्म-रेसलिंग में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल किये हैं। पांच विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले श्रीमंत झा का अगला लक्ष्य पैरा ओलंपिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए पदक जीतना है। श्रीमंत की हिम्मत, अथक परिश्रम और देश के लिए कुछ कर गुज़रने की ललक सभी के लिए सच्ची प्रेरणा है। श्रीमंत ने अब तक 48 अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया है।

## आईसीसी ने की टी20 विश्व कप 2024 सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

एजेंसी
**तरौबा।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है।

क्रिस गैफनी और रॉडनी टकर 27 जून को गुयाना में भारत और मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के बीच आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में अंपायरिंग करेंगे। जोएल विल्सन टीवी अंपायर होंगे, जबकि पॉल रीफेल 27 जून को गुयाना में चौथे अंपायर के रूप में मौजूद रहेंगे। अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ और नितिन मेनन मैदानी अंपायर होंगे, रिचर्ड केटलबोरो टीवी अंपायर होंगे, जबकि अहसान रजा चौथे अंपायर होंगे।



बांग्लादेश के खिलाफ डीएलएस के जरिए आठ रन की ऐतिहासक जीत के साथ अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया सुपर 8 से बाहर हो गया। पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान की टीम बुधवार 26 जून (स्थानीय समयानुसार) को त्रिनिदाद में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका ने सुपर आठ चरण का समापन ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहते हुए किया था।

## यूरो 2024 : ऑस्ट्रिया ने नीदरलैंड को हराया, पोलैंड ने फ्रांस के साथ 1-1 से ड्रा खेला

एजेंस
**बर्लिन।** ऑस्ट्रिया ने चल रहे यूरो 2024 में ग्रुप डी में नीदरलैंड को 3-2 से हराया, जबकि रॉबर्ट लेवांडोव्स्की की मदद से पोलैंड ने ग्रुप प्ले के अंतिम दौर में फ्रांस को 1-1 से बराबरी पर रोक लिया।

नीदरलैंड्स ने बर्लिन ओलंपिया स्टेडियम में सबसे खराब शुरुआत की, जब डोनियल मालेन ने अलेक्जेंडर्स प्रैस के स्क्वायर पास को अपने ही गोल पोस्ट में पहुंचा दिया, जिससे ऑस्ट्रिया को मैच के छठें मिनट में ही1-0 की बढ़त मिल गई। इसके बाद डच खिलाड़ियों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी और बराबरी हासिल करने की कोशिश की, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ ही तिजानी रेइंडर्स ने दो आशाजनक मौके गंवा दिए।

पहले हाफ में ऑस्ट्रिया ने अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रही। दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में कोडी गाकपो ने गोल कर नीदरलैंड को 1-1 से बराबरी दिला दी। रोनाल्ड कोमैन की टीम के लिए यह क्षणिक खुशी थी क्योंकि ऑस्ट्रिया ने वापसी की और फ्लोरियन ग्रिलिट्श के सटीक क्रॉस से रोमानो श्मिड ने 60वें मिनट पर गोल कर ऑस्ट्रिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी। मैच के 75वें मिनट में मेम्फिस डेपे ने हेडर द्वारा वाउट वेघोर्ट की सहायता से गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया।



ऑस्ट्रिया ने मैच को 80वें मिनट में मार्केल सबित्जर की गोल की बदौलत 3-2 से बढ़त हासिल की और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में फ्रांस को पोलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलना पड़ा। फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने शुरुआती गोल किया, लेकिन अनुभवी स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल कर पोलैंड को 1-1 से बराबरी दिलाई और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## मुंबई सिटी एफसी ने फ्रांसीसी मिडफील्डर जेरेमी मंज़ोरो के साथ किया करार

एजेंस
**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने फ्रेंच मिडफील्डर जेरेमी मंज़ोरो के साथ फ्री ट्रांसफर पर करार किया है। मंज़ोरो 2024-25 सीज़न के अंत तक क्लब में बने रहेंगे।

32 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्रांस में स्टेड डी रिम्स के साथ अपने वरिष्ठ पेशेवर करियर की शुरुआत की और तब से दुनिया भर में विभिन्न लीगों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया है, जिसमें बुल्गारिया (पीएफसी स्लाविया सोफिया), लिथुआनिया (एफके ज़लगिरिस) और कजाकिस्तान (टोबोल और अस्ताना) शामिल हैं।

उन्होंने यूईएफए यूरोपा लीग और यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग जैसी कुलीन यूरोपीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उनके पुरस्कारों में लिथुआनियाई कप, कजाख कप और लगातार दो कजाख लीग खिताब शामिल हैं। मंज़ोरो 2023 में जमशेदपुर एफसी में शामिल होने के लिए भारत आए, 2023-24 सीज़न के दौरान उन्होंने 24 मैच खेले और दो असिस्ट के साथ छह गोल किए। वह अपने सटीक पास और फ्री किक के लिए प्रसिद्ध हैं। अपने शानदार फुटवर्क, रचनात्मक स्वभाव और विविध पासिंग रेंज के लिए जाने जाने वाले मंज़ोरो अपने साथ बहुमूल्य अनुभव भी लेकर आए हैं जो आइलैंडर्स की टीम के संतुलन के साथ मेल खाता है। क्लब के साथ करार पर जेरेमी मंज़ोरो ने कहा, मैंने अब तक भारत में अपने समय का आनंद लिया है और एक और सीज़न के लिए यहाँ रहने के लिए उत्साहित हूँ। मुंबई सिटी एफसी आईएसएल की सबसे सफल टीमों में से एक है और खिताब जीतने का इतिहास रखती है। मैं अपने नए साथियों से मिलने और कोच पेट्र क्रेटकी के साथ काम करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। मैं मुंबई के जीवंत शहर में अपने जीवन का यह नया अध्याय शुरू करने और क्लब की सफलता में योगदान देने के लिए रोमांचित हूँ। मेरा लक्ष्य टीम को उसके उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करना और क्लब को और अधिक खिताब दिलाना है।



## पेरिस 2024: ओलंपिक में ड्रेसाज स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे अनुष अग्रवाल

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने आगामी पेरिस ओलंपिक में ड्रेसाज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए अनुष अग्रवाल का चयन किया है। ईएफआई ने उनके हालिया प्रदर्शन के गहन मूल्यांकन के आधार पर श्रुति वोरा के ऊपर उनका चयन किया, जहां अनुष ने बेहतर औसत का प्रदर्शन किया।

यह ओलंपिक में ड्रेसेज इवेंट में भारत की पहली प्रविष्टि होगी क्योंकि पिछले संस्करणों में ज्यादातर राइडर्स केवल इवेंटिंग श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते थे। अग्रवाल पिछले साल क्वालिफिकेशन अवधि शुरू होने के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने चार बार न्यूनतम पात्रता हासिल की है, जबकि अनुभवी श्रुति वोरा ने इस महीने आवश्यक दो एमईआर अर्जित किए हैं। मूल्यांकन में जब दावेदारों का औसत निकाला गया तो अनुष विजेता बने। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था, जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था।

फेडरेशन द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार, पेरिस खेलों की योग्यता के लिए पात्र होने के लिए सवार-घोड़े के संयोजन को 1 जनवरी, 2023 से 24 जून, 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत प्राप्त करना आवश्यक है। ईएफआई चयन मानदंडों के अनुसार, यदि एक से अधिक एथलीट पात्र हैं तो पिछले एक वर्ष में सर्वश्रेष्ठ चार स्पर्धाओं में से ग्रैंड प्रिक्स में उच्चतम औसत वाले एथलीट को भाग लेने के लिए चुना जाएगा। केवल एफईआई स्तर की प्रतियोगिताओं और उससे अधिक के स्कोर गिने जाते हैं। ये स्कोर 2023 से 2024 तक एमईआर इवेंट्स की सूची में शो में हासिल करने होंगे।



श्रुति (घोड़े मैग्नेनिमस के साथ) ने चेक गणराज्य में ब्रनो ग्रैंड प्रिक्स में दूसरे स्थान पर रहते हुए वर्ष का अपना दूसरा एमईआर अर्जित किया था, जहां उन्होंने ड्रेसाज स्पर्धा में 68.174 अंक प्राप्त किए थे, जिससे वह ओलंपिक योग्यता के लिए पात्र बन गई। श्रुति ने इस महीने की शुरुआत में अपना पहला एमईआर अर्जित किया था, जब वह स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित थ्री-स्टार ग्रैंड प्रिक्स इवेंट ड्रेसेज वर्ल्ड कप में 67.761 अंकों के साथ जीतने वाली पहली भारतीय राइडर बनी थीं। उनके अन्य दो जीपी प्रदर्शनों में 66.543 और 66.174 अंक थे, जो एमईआर स्तर से नीचे थे। अनुष अग्रवाल ने चार बार - 67.936 (विस्बेडेन, मई 2024), 68.261 (मेचेलन में दिसंबर 2023), 67.152 (फ्रैंकफर्ट में दिसंबर 2023) और 67.804 (व्रोकला में अक्टूबर 2023) एमईआर हासिल किया। यह निर्णय कार्यकारी परिषद द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया और अध्यक्ष ने इस निर्णय पर अपनी मुहर लगाई।

फवाद मिर्जा ने 2020 टोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनसे पहले इम्तियाज अनीस ने 2000 सिडनी खेलों में भाग लिया था जबकि इंद्रजीत लांबा ने 1996 अटलांटा खेलों में भाग लिया था। जितेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, हुसैन सिंह, मोहम्मद खान और दरिया सिंह सभी ने 1980 मास्को खेलों में भाग लिया था।

## बंगाल प्रो टी 20 लीग : महिला सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स टीम ने जीत के साथ ली लीग से विदाई

**कोलकाता।** सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स महिला टीम ने साल्ट लेक के जादवपुर विश्वविद्यालय मैदान में खेले गए अपने आखिरी मैच में स्मैशर्स मालदा पर शानदार जीत के साथ अपने बंगाल प्रो टी20 लीग अभियान का समापन किया।

प्रियंका बाला की अगवाई में सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने स्मैशर्स मालदा के खिलाफ 2 रन से इस मैच को अपने नाम किया। हालांकि अपने पिछले कई मुकाबलों में सिलीगुड़ी जीत का स्वाद चखते चखते रह गई।

टीम के प्रदर्शन पर सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के मालिक ऋषभ भाटिया ने कहा, हार और जीत सिक्के के दो पहलू हैं, किसी एक को जीतना होता है, लेकिन हमारी महिला टीम ने जिस दृढ़ संकल्प और जोश के साथ सभी मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की उस पर मुझे बहुत गर्व है। टीम ने कई करीबी मुकाबले खेले और अपने अंतिम मुकाबले में रोमांचक जीत भी हासिल की यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और मैं उम्मीद करता हूं कि अगली बार हम एक नई ऊर्जा के साथ ट्रॉफी को अपने नाम करेंगे। आखिरी मैच में प्रीति मंडल, समयिता अधिकारी और प्रियंका बाला के महत्वपूर्ण योगदान की बदौलत सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 128 का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्मैशर्स मालदा ने काफी करीबी मुकाबला खेला, लेकिन पियाली घोष के 48 रन के बावजूद भी उन्हें 2 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की पुरुष टीम ने भी लीग में जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया। जिसमें कप्तान ऋत्विक रॉय चौधरी, तेज गेंदबाज आकाश दीप और बल्लेबाज तरुण गोदारा जैसे खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अरिवा स्पोर्ट्स की देखरेख में हो रही बंगाल प्रो टी20 लीग की नींव आईपीएल की तर्ज पर रखी गई है। जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं। सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग का प्रतिनिधित्व कर रही थी।



## पेरिस 2024: जूडोका तूलिका मान ने भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय जूडो महासंघ (आईजेएफ) द्वारा प्रकाशित नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, तूलिका मान ने जूडो में भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है।बर्मिंघम में 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली 25 वर्षीय भारतीय जूडोका ने महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग में महाद्वीपीय कोटा हासिल किया।

22 जून 2022 से 23 जून 2024 तक की योग्यता अवधि के दौरान 1345 रैंकिंग अंक हासिल करने वाली तूलिका मान भारत के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल करने के लिए स्टैंडिंग में 36वें स्थान पर रहीं। पेरिस 2024 ओलंपिक में 14 जूडो भार श्रेणियों में से प्रत्येक के लिए, आईजेएफ की ओलंपिक रैंकिंग के अनुसार 17 सर्वोच्च रैंक वाले एथलीटों (प्रत्येक देश के लिए एक) ने कोटा प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, सभी भार श्रेणियों में अधिकतम 100 महाद्वीपीय कोटा उपलब्ध थे, जिसमें प्रत्येक देश सभी भार वर्गों और लिंगों में केवल एक महाद्वीपीय कोटा सुरक्षित करने के लिए पात्र था। राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) के पास ओलंपिक खेलों में अपने-अपने देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है और पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनके एनओसी द्वारा पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें चुनने पर निर्भर करती है।



एनओसी को 2 जुलाई तक यह पुष्टि करनी होगी कि वे जूडो के लिए कोटा स्थानों का उपयोग करेंगे या नहीं टोक्यो 2020 में जूडो में सुशीला देवी लिकमबाम भारत की एकमात्र प्रतिभागी थीं, लेकिन महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। भारत ने अभी तक जूडो में ओलंपिक पदक नहीं जीता है।

पेरिस 2024 ओलंपिक में जूडो का आयोजन 27 जुलाई से 3 अगस्त तक चैंप-डे-मार्स एरिना में किया जाएगा। इस प्रमुख प्रतियोगिता में 372 जूडोका (186 पुरुष और 186 महिला) भाग लेंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 27 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

फास्ट न्यूज

## सीएम नीतीश ने अतिथि गृह का किया लोकार्पण

**बेतिया:** राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 27 जून को एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर में आयेंगे। पश्चिम चंपारण ज़िला के डीएम दिनेश कुमार राय ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम को लेकर पश्चिम चंपारण जिला में पहुंच रहे हैं, जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के कर–कमलो द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर के वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का लोकार्पण किया जायेगा।

## उप्र में बुन्देलखण्ड के रास्ते प्रवेश कर गया मानसून

**कानपुर:** भीषण गर्मी को झेल रहे उत्तर प्रदेशवासियों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि मानसून की दक्षिणी सीमा बुन्देलखण्ड में प्रवेश कर गई। इससे बुन्देलखण्ड एवं कानपुर सहित मध्य उत्तर प्रदेश में बारिश होना शुरू हो गई है और कानपुर में 33 मिमी बारिश हुई। हालांकि पूर्वी सीमा भी धीरे–धीरे उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रही है और आगामी दो से तीन दिन में पूरे उत्तर प्रदेश में झमाझम बारिश होगी। इस दौरान स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी जिससे तापमान में बराबर गिरावट हो रही है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि मानसून की उत्तरी सीमा वेरावल, राजपीपला, उज्जैन, विदिशा, सिद्धि, चाईबासा, हल्दिया, पाकुड़, साहिबगंज और रक्सौल से होकर गुजर रही है। उत्तरी अरब सागर और गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अब अनुकूल हैं। दक्षिणी पश्चिमी मानसून से उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड और मध्य क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है और आगामी 24 घंटे में भी बारिश के आसार बने हुए हैं। वहीं पूर्वी सीमा भी आगे बढ़ रही है और दो से तीन दिन में पूरे उत्तर प्रदेश में झमाझम बारिश शुरू हो जाएगी। बारिश होने से तापमान तो गिर रहा है लेकिन उमस भरी गर्मी बढ़ रही है। यह स्थिति आगामी दो से तीन दिन तक रहेगी इसके बाद झमाझम बारिश से मौसम में बदलाव आ जाएगा। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि कानपुर में 33 मिमी बारिश होने से तापमान में 9 डिग्री की गिरावट हो गई और अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# उत्तर प्रदेश देश का हृदय स्थल: सीएम योगी

### ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश देश का हृदयस्थल है। यहां पर्यटन की अनेक संभावनाएं हैं। गत वर्ष उत्तर प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे यानी आबादी की लगभग दोगुनी संख्या पर्यटन की दृष्टि से यहां आई थी। अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए आए थे। 2023 में काशी में यह संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से अधिक थी। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। औसतन प्रतिदिन डेढ़-दो लाख पर्यटक अयोध्या धाम आ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।



**यूपी में स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हेरिटेज व ईको टूरिज्म की भी संभावनाएं:** सीएम योगी ने कहा कि यूपी में कई ऐसे साइट्स हैं, जहां पर्यटक आते हैं। लखनऊ के बगल में नैमिषारण्य, चित्रकूट, शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी स्प्रिचुअल टूरिज्म की अनेक संभावना पहले से है। यह संभावनाएं बताती हैं कि यदि स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए स्थान है तो इसका मतलब यह मानव सृष्टि और जीव सृष्टि का उद्गम स्थल है। इसके सबसे बड़े प्रमाण सोनभद्र के फासिल्स पार्क को देखें। उसकी आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल मिलेंगे। 15 हजार वर्गकिमी. का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

### पर्यटकों के आने से होता है रोजगार सृजन

**सीएम** ने कहा कि जब टूरिस्ट आते हैं तो अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन होता है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में लोगों ने अलग–अलग कार्य प्रारंभ किए हैं। सोहगीबरवा, दुधवा, चूका, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में लोग आ रहे हैं। प्रकृति को देखकर लोग जानते हैं कि यहां सब वास्तविक है, कुछ भी आर्टिफिशियल नहीं है। सीएम ने कहा कि दूधवा में जंगल के बीच गया तो देखा कि लखनऊ का तापमान 42 है और दूधवा का 35 के आसपास। प्रकृति का यह सानिध्य इशारा करता है कि पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए तो आने वाले समय में लाभ प्राप्त होगा।

**कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रारंभ किए प्रयास:** सीएम ने कहा कि कनेक्टिविटी के लिए सरकार ने प्रयास प्रारंभ किए हैं। लखीमपुर में पुरानी एयरस्ट्रिप का एयरपोर्ट के रूप में विकास करने जा रहे हैं। पिछली बार इस क्षेत्र में होलीडे ट्रेन चलाने की व्यवस्था रेलवे के माध्यम से प्रारंभ की। इसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास है। स्थानीय निवासियों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करें। वहां बनने वाली सुविधाओं से जोड़ें तो ईको टूरिज्म को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पर्यटन न केवल मनोरंजन का माध्यम बन सकता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि के जरिए हम सशक्त बनने की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। यह अनेक लोगों के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन सकता है। यूपी में स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज टूरिज्म के लिए भी कार्य हुए। बुंदेलखंड के किलों या जहां–तहां पड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को कहीं होटल के रूप में तो कहीं टूरिज्म डवलपमेंट की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास प्रारंभ किए हैं।

## दो जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुल्तानपुर:** गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में पक्षकार बनने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी है। मामले में अगली सुनवाई दो जुलाई को होगी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 27 नवबंर 2023 को कोर्ट ने राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब किया था। बीते 20 फरवरी को राहुल गांधी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत कराई थी। उसके बाद से उनके बयान दर्ज होने की कार्रवाई में मामला लंबित है। सात जून को कोतवाली नगर के घरहा कला डिहवा निवासी राम प्रताप ने कोर्ट में अर्जी देकर पक्षकार बनाए जाने की मांग की थी। इसका परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने विरोध किया। कहा कि,राहुल गांधी के अनुचित प्रभाव में मामले को विलंबित करने के लिए अर्जी दी गई है।



**बयान दर्ज होगा**

▸▸ एमपी–एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में पक्षकार बनने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी

## पुरानी पेंशन को लेकर सीएम योगी का बड़ा फैसला




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: प्रदेश में** 28 मार्च 2005 से पहले प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा। कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में लाए गए प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इससे करीब 50 हजार शिक्षक लाभांवित होंगे। यूपी सरकार ने 28 मार्च 2005 को यह प्रावधान किया था कि 1 अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के दायरे में होंगे। यह प्रावधान राज्य सरकार के कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया। तमाम ऐसे शिक्षक व कार्मिक हैं, जिनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई, लेकिन उस नौकरी का विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पहले निकला था। ये कर्मी लंबे समय से उन्हें पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ देने की मांग कर रहे थे। केंद्र सरकार इस तरह के कर्मियों को पहले ही यह सुविधा दे चुकी है। कैबिनेट से अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार, ऐसे कार्मिक जिनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई है, लेकिन नियुक्ति के लिए पद का विज्ञापन एनपीएस लागू किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी होने की तिथि 28 मार्च 2005 से पूर्व प्रकाशित हो चुका था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का एक बार विकल्प उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

**अवसर**

▸▸ 28 मार्च 2005 से पहले प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा

## ब्रिटानिया का बंगाल छोड़ने की खबरों को नकारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रमुख एफएमसीजी ब्रांड ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की राज्य से बाहर निकलने की कोई योजना नहीं है और कंपनी पश्चिम बंगाल के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधान मुख्य सलाहकार डॉ. अमित मित्रा ने ब्रिटानिया के तारातला संयंत्र को बंद करने को लेकर राजनीतिक विवाद के बाद राज्य सरकार की ओर से यह बयान जारी किया।

## इंदिरा गांधी ने घोंटा था संविधान का गला: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की ओर से पढ़े गये निंदा प्रस्ताव का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समर्थन किया है। उन्होंने इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गये हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने आपातकाल के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पढ़ा है, इसके लिए उनका हृदय से अभिनंदन। हम सब जानते हैं कि 25 जून 1975 की मध्य रात्रि में तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में उस संविधान का गला घोंटने का कार्य किया था, जिसकी शपथ लेकर वह देश की पीएम बनी थीं। ये देश के लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास था। कांग्रेस के इस काले कारनामों को जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। आज भारत की संसद ने वही कार्य किया है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व संविधान के नाम पर और आरक्षण समाप्त करने के नाम पर देश को गुमराह करता रहा है।




**आपातकाल**

▸▸ आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के लिए सीएम योगी ने लोकसभा अध्यक्ष का जताया आभार





आगामी बजट को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मीडिया इंडस्ट्री के संदर्भ में विचार–विमर्श करते हुए इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी (आईएनएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश शर्मा। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

## तमिलनाडु में जातीय गणना की मांग ने पकड़ा जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई: मु**ख्यमंत्री एमके स्टालिन की द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सहयोगियों सहित राज्य के राजनीतिक दल सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए राज्य में जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे हैं। इसी बीच स्टालिन ने कहा कि सरकार विधानसभा के मौजूदा सत्र में एक प्रस्ताव लाएगी, जिसमें केंद्र से आम जनगणना के साथ-साथ जाति आधारित जनगणना कराने की आग्रह करेगी।

**पीएमकी की मांग पर बोले स्टालिन:** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के नेता जीके मणि, जिन्होंने वन्नियारों के लिए अलग आरक्षण लागू करने की मांग की थी, को जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित जनगणना कराने के बाद ही यह संभव होगा। साथ ही उन्होंने मणि को याद दिलाया कि उनकी पार्टी पीएमके केंद्र में भाजपा के सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा थी। स्टालिन ने कहा कि बिहार में भी जातिवार जनगणना पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि वन्नियारों के लिए आरक्षण का एक अच्छा समाधान तभी निकाला जा सकता है, जब आम जनगणना के साथ जाति आधारित जनगणना की जाए।

## शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध, टीएमसी के दो विधायक धरने पर बैठे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** शपथ ग्रहण को लेकर विरोध के बीच तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायक पश्चिम बंगाल विधानसभा पहुंचे। विधानसभा में उनसे चार बजे तक इंतजार करने को कहा गया। इसके साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि अगर चार बजे तक राज्यपाल शपथ दिलाने नहीं पहुंचे तो स्पीकर से शपथ दिलवाया जाएगा। सायंतिका बंदोपाध्याय और रयात हुसैन सरकार क्रमशः बारानगर और भागाबंगोला निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए हैं। राज्यपाल का इंतजार करते हुए दोनों विधायक वहीं धरने पर बैठ गए।



**राज्यपाल के इंतजार में टीएमसी के दो विधायक:** राज भवन की तरफ से बताया गया कि शपथ समारोह राज्यपाल सीवी आनंद बोस के समक्ष होना चाहिए। रयात हुसैन सरकार ने पत्रकारों के बात की। उन्होंने कहा, "हमने माननीय राज्यपाल से विधानसभा में आकर पद की शपथ दिलाने या अध्यक्ष को सौंपने का अनुरोध किया है। हालांकि, उन्होंने दोनों ही विकल्पों को नकार दिया। हम विधानसभा की सीढ़ियों पर उनका इंतजार कर रहे हैं।" दोनों विधायकों के हाथों में तख्तियां देखा गया, जिसमें राज्यपाल से अनुरोध किया गया कि उन्हें निर्वाचित प्रतिनिधियों के तौर पर अपने कर्तव्यों को पूरा करने की अनुमति दी जाए। सायंतिका बंदोपाध्याय ने कहा, "हम बिना शपथ लिए विधायक के तौर पर काम नहीं कर सकते हैं।" उन्होंने बताया कि वे दोनों चार बजे तक राज्यपाल का इंतजार करेंगे। विधानसभा के स्पीकर बिमान बनर्जी ने इस पर प्रतिक्रिया दी।

**शपथ का इंतजार**

▸▸ हमने राज्यपाल से विधानसभा में आकर पद की शपथ दिलाने या अध्यक्ष को सौंपने का अनुरोध किया

## अयोध्या में राम पथ के गड्ढों और जल भराव का सीएम योगी ने लिया संज्ञान




**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी में जल भराव और राम पथ सहित और कई अन्य सड़कों पर गड्ढे होने की खबरों को गंभीरता से संज्ञान में लिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मरम्मत एवं जल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में संबंधित विभाग जुट गए। अयोध्या में दो दिनों से लगातार हो रही बरसात ने जहाँ राम नगरी की गलियों को लबालब कर दिया है।

वहीं रामपथ व अन्य सड़कों पर बडे. बड़े गड्ढे हो गए, जिसे लेकर नगर निगम, लोक निर्माण विभाग व जल निगम ने युद्धस्तर पर मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

## असम में पटरी पर लौट रही जिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**असम:** असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार होने लगा है। बता दें रविवार को दो लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित थे। बाढ़ के कारण असम के कुछ हिस्सों में पुल, घर, संस्थान, मवेशी शेड आदि तबा हो गए हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा 149 शिविर और राहत वितरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, यहां 26,000 से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं। पिछले दिनों असम में बारिश कम हुई है, जिसके कारण से प्रमुख नदियों का जलस्तर भी घट गया है। इससे कारण बाढ़ से कुछ क्षेत्रों में राहत मिलने लगी है। हालांकि अभी भी सात जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। सात जिलों के 1.50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार बाढ़ प्रभावित जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। जिससे करीमगंज में कुशियारा नदी को छोड़कर सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे चला गया। बरपेटा, कछार, दरांग, धेमाजी, गोलपारा, कामरूप और करीमगंज में करीब 1.50 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। प्रभावित लोगों की संख्या 1.53 लाख थी। बुलेटिन में कहा गया है कि इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 हो गई है।



**नुकसान** पिछले फसल सीजन के दौरान इन क्षेत्रों के किसानों को गुलाबी सुंडी के लगातार हमलों के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था

## कपास की फसल पर गुलाबी सुंडी के हमलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** उत्तर राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के किसानों ने अपनी कपास की फसल पर गुलाबी सुंडी के हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। पिछले फसल सीजन के दौरान इन क्षेत्रों के किसानों को गुलाबी सुंडी के लगातार हमलों के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था, जिससे इस खतरे से निपटने के लिए प्रभावी समाधान खोजने की जरूरत बढ़ गई है। गुलाबी सुंडी कपास की फसल को तबाह करने वाला कीट है। इसका निरंतर प्रकोप उक्त क्षेत्रों में कपास की खेती के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। इसका प्रभाव विभिन्न कारकों द्वारा बढ़ता जा रहा है, जिनमें जलवायु की परिस्थितियां, फसल विविधीकरण की कमी, और बीटी कॉटन की कुछ किस्मों में कीटनाटकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का विकास शामिल है। यह कीट कपास की फसल को नुकसान पहुंचा कर उपज को कम कर देता है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आजीविका प्रभावित होती है। इन चुनौतियों के मद्देनजर कीट विशेषज्ञ तथा प्रगतिशील किसान गुलाबी सुंडी के संक्रमण से निपटने के लिए एक रणनीतिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सिफारिश करते हैं। किसानों को एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी जाती है, जिसमें फसल विविधीकरण जैसे सुरक्षात्मक उपायों को लागू करना शामिल है। गुलाबी सुंडी के जीवन चक्र को बाधित करने और किसी खास क्षेत्र में इसकी उपलब्धता के घनत्व को कम करने के लिए कपास की खेती अन्य फसलों के साथ बदल-बदल कर करने की सिपारिश की जाती है। इसके अलावा, कपास की जल्दी रोपाई करने की सिफारिश की जाती है, ताकि फसल को गुलाबी सुंडी के संक्रमण के चरम समय से पहले ही तैयार किया जा सके। ऐसा करने से गुलाबी सुंडी के हमलों के प्रति कपास के पौधों की संवेदनशीलता कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त किसान गुलाबी सुंडी को कपास के खेतों से दूर करने के लिए भिंडी जैसी जाल फसलों का रणनीतिक रूप से उपयोग कर सकते हैं, जिससे संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सकता है।

